# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, सोमवार, 22 दिसंबर 2025





पछुआ विक्षोभ की सर्द हवाओं के प्रभाव से रविवार को पारा में तेज गिरावट दर्ज की गई। पश्चिमोत्तर की सर्द हवाओं के प्रभाव से मैनपाट का तापमान 1.6 डिग्री पर पहुंच गया, जिससे ओस की बूंदे जम गईं। वहीं मैदानी इलाकों का पारा 4 डिग्री के नीचे पहुंच गया है। संभाग मुख्यालय के तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है तथा न्यूनतम तापमान 5.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

# शीतलहर से मैनपाट में जम गईं ओस की बूंदें, घने कोहरे के साथ कड़ाके की ठंड

## तीन दिनों से तापमान में गिरावट जारी, पारा पहुंचा 1.6 डिग्री पर

**अम्बिकापुर।** दो दिन पूर्व पठारी इलाकों को कंपाने के बाद रविवार को ठंड का असर पठारी क्षेत्रों के साथ ही मैदानी इलाकों में देखने को मिला तथा पारा में तेज गिरावट दर्ज की गई। पश्चिमोत्तर की सर्द हवाओं के प्रभाव से पठारी व मैदानी इलाके शीतलहर से जूझ रहे हैं।

रविवार को सुबह मैनपाट में चारों तरफ बर्फ की सफेद चादर बिछ गई थी। पौधों के पत्तों पर ओस की बूंदे जमकर बर्फ बन गई थीं। सुबह-शाम पश्चिमोत्तर की सर्द हवाएं चलने के कारण ठंड से पठारी क्षेत्रों का जनजीवन प्रभावित हो गया है। शाम 3 बजते ही ठंड अपना असर दिखाना शुरू कर दे रही है। ठंड से बचने लोग दिन में भी अलाव का सहारा ले रहे हैं। इसी तरह का हाल बलरामपुर के सामरीपाट व लहसून पाट का है तथा इन क्षेत्रों में भी सुबह ओस की बूंदे जम गई थी। उत्तर भारत में सक्रिय पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से रविवार को ऊपरी आसमान पर हल्के बादल देखे गए।





### कोहरा से रफ्तार पर ब्रेक

रविवार को भी कोहरे का व्यापक असर देखा गया। रात में धुंध छाने के कारण दृश्यता प्रभावित रही। सुबह शहर में कोहरे का प्रभाव कम रहा जबकि मैदानी इलाकों में घना कोहरा छाने के कारण आवागमन प्रभावित रहा तथा वाहनों ने लाइट जलाकर धीमी रफ्तार में आवागमन किया। घने कोहरे के कारण भीषण दुर्घटनाएं होने की भी सूचना है। मौसम विज्ञानी आने वाले दिनों में भी घना कोहरा छाने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

### लुण्ड्रा में पाला का व्यापक असर

तापमान में तेज गिरावट होने के कारण रविवार को क्षेत्र में पाला का व्यापक असर देखा गया। सुबह विकासखण्ड मुख्यालय धौरपुर में चारों तरफ पाला की सफेद चादर बिछ गई थी। ग्रामीण क्षेत्रों में भी पाला का व्यापक प्रभाव देखा गया। मौसम का यही हाल रहा तो टमाटर, आलू एवं अरहर की फसल को भारी नुकसान होने एवं पाला के प्रभाव से फसल नष्ट होने की संभावना जताई जा रही है।

### 2 दिन बाद बढ़ेगा पारा

"विक्षोभ की सर्द हवाओं के प्रभाव से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। उत्तर भारत में सक्रिय विक्षोभ के प्रभाव से 2-3 दिन बाद पारा में वृद्धि होने की संभावना है।

**अक्षय मोहन भट्ट**, मौसम विज्ञानी

## खबर संक्षेप

### वनमंत्री केदार को मातृशोक मनकी देवी का निधन

**जगदलपुर।** बस्तर के दबंग नेता रहे स्व. बलिराम कश्यप की धर्मपत्नी एवं प्रदेश के वन जलवायु परिवर्तन,परिवहन एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप, पूर्व सांसद दिनेश कश्यप की माता एवं जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप की सास ग्राम फरसागुड़ा निवासी मनकी देवी (84 वर्ष) का रविवार को निधन हो गया। वे कुछ समय से बीमार थीं और उपचार राजधानी रायपुर में चल रहा था। विदित हो कि बस्तर के दबंग नेता और 4 बार के सांसद रहे स्वर्गीय बलिराम कश्यप का 15 वर्ष पूर्व 2010 को निधन हो गया था। उनकी पत्नी मनकी देवी कुछ दिनों से बीमार चल रही थी। अधिक उम्र के कारण चिकित्सको ने भी परिजनों को घर ले जाने की सलाह दी। शनिवार को रायपुर से उन्हें गृहग्राम फरसागुड़ा लाया गया, आज उन्होंने घर पर ही अंतिम सांस ली। अंतिम संस्कार गांव में स्थित पारिवारिक मुक्तिधाम में दोपहर 12 बजे किया गया।



# धान खरीदी के सवा महीने, साढ़े 47 लाख मीट्रिक टन की खरीदी, लेकिन उठाव पौने दस लाख का

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में इस साल 15 नवंबर से शुरू हुई न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के बाद अब तक साढ़े 47 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान खरीदा जा चुका है, लेकिन इस सवा महीने की अवधि में केवल पौने दस लाख टन का उठाव ही उपार्जन केंद्रों से हो पाया है। धान का उठाव-परिवहन न होने के कारण धान में सूखत का खतरा भी बढ़ गया है। यही नहीं, परिवहन न हो पाने से जब उपार्जन केंद्रों की बफर लिमिट पार हो रही है, तब खाद्य विभाग में धान स्टाक की बफर लिमिट भी बढ़ा दी गई है।

- फिलहाल केवल मिलर ही उठा रहे हैं धान
- मार्कफेड के संग्रहण केंद्र में नहीं गया एक दाना

राज्य के अलग-अलग जिलों में चल रही धान खरीदी के बीच ये जानकारियां भी आ रहीं है कि सोसाइटियों के उपार्जन केंद्रों में बड़ी मात्रा में धान जमा हो गया है। जिस तेजी से धान खरीदी हो रही है, उससे काफी धीमी रफ्तार से धान का उठाव हो रहा है। फिलहाल हालत ये है कि जिलों से केवल मिलरों को धान दिया जा रहा है। धान का उठाव मार्कफेड के संग्रहण केंद्रों के लिए अब तक शुरु नहीं हो पाया है।

### एक नजर खरीदी के हिसाब पर

छत्तीसगढ़ में 15 नवंबर से शुरु हुई धान खरीदी के बाद अब तक राज्य भर में 47 लाख 51 हजार 275 मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। इसमें से केवल 9 लाख 86 हजार 646 मीट्रिक टन धान का उठाव मिलरों ने किया है। बाकी का धान उपार्जन केंद्रों में जमा है। सोसाइटी संचालकों का कहना है कि केवल मिलरों के धान उठाने से उठाव धीमा गति से हो रहा है। अगर मार्कफेड के संग्रहण केंद्रों के लिए तेजी से धान का परिवहन कराया जाए तो स्थिति नियंत्रित हो सकती है। लेकिन फिलहाल इसके कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं।



### सूखत का संकट सोसाइटी संचालकों पर

पिछले सीजन में ही राज्य की सैकड़ों सोसाइटियों में धान में सूखत की वजह से धान की मात्रा कम हुई। जितना धान कम हुआ, उतनी ही मात्रा में धान सोसाइटी प्रबंधक धान खरीदी प्रभारी से वसूलने का आदेश जारी हुआ। जिन सोसाइटी वालों ने धान नहीं दिया उनसे धान के बराबर की राशि वसूली गई। जिन सोसाइटियों में धान की कीमत लाखों रुपए में थी, वहां राशि जमा न करने वाले प्रबंधकों के खिलाफ संबंधित थाने में एफआईआर कराई गई। इस कार्रवाई से बड़ी संख्या में सोसाइटियां फंसी। यह मामला हाईकोर्ट में गया है। इस पर अंतिम फैसला आना अभी बाकी है। पिछले साल का यह संकट अभी टला नहीं है, लेकिन सोसाइटी संचालकों को अब धान के भारी जखीरे के बीच फिर संकट नजर आ रहा है।

### बफर लिमिट बढ़ा दी गई

राज्य की हर सोसाइटी में धान खरीदी के लिए धान के बफर स्टॉक की लिमिट तय की जाती है। इस लिमिट के बाद धान खरीदा नहीं जा सकता। क्योंकि उपार्जन केंद्र में धान रखने की जगह बची नहीं होती है। इधर सोसाइटी संचालकों का कहना है कि समय पर धान का परिवहन न होने से धान की बफर लिमिट पार होकर कई जगहों पर दो गुना धान जमा हो रहा है। इधर खाद्य विभाग ने धान का उठाव परिवहन कराने की जगह सोसाइटियों के उपार्जन केंद्रों की बफर लिमिट ही बढ़ा दी है।धान जमा होने से सूखत का खतरासोसाइटियों में बड़ी मात्रा में धान जमा होना सोसाइटियों और उसके प्रबंधक तथा खरीदी प्रभारी के लिए किसी बड़े खतरे से कम नहीं है। दरअसल जब धान खरीदा जाता है तो उसमें नमी होती है। धान में 17 प्रतिशत तक की नमी स्वीकार की जाती है। यही नम धान जब सोसाइटियों में आता है और उसे बोरों में भरकर स्टेकिंग की जाती है, यह धान तेज धूप गरमी से सूखता है तो इसे सूखत कहा जाता है। धान में यह सूखत आने पर धान का वजन कम हो जाता है। इस कमवजनी की कीमत सोसाइटी वालों से वसूली जाती है।

## हाईकोर्ट में आज से 31 दिसंबर तक अवकाश, रजिस्ट्री खुली रहेगी

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में 22 दिसंबर से 31 दिसंबर तक शीतकालीन अवकाश रहेगा। इस दौरान 22 से 24 दिसंबर तक रजिस्ट्री कार्यालय खुला रहेगा, जबकि 26 से 31 दिसंबर तक यह बंद रहेगा। इसके अतिरिक्त, हाईकोर्ट प्रत्येक रविवार और महीने के दूसरे व चौथे शनिवार को बंद रहेगा। साथ ही छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने वर्ष 2026 के लिए जिला न्यायालयों का अवकाश कैलेंडर जारी कर दिया है। नए कैलेंडर में सालभर के त्योहारों, राष्ट्रीय पर्वों, बंद शनिवारों, ग्रीष्म और शीतकालीन अवकाश का पूरा विवरण शामिल है। हाईकोर्ट द्वारा जारी सूची के अनुसार, राष्ट्रीय पर्व सहित त्योहारों व जयंती पर छुटटी की सूची जारी की है। दशहरा और दीपावली पर एक से अधिक दिन की छुट्टियां तय की गई हैं।

कैलेंडर के मुताबिक, हर रविवार अवकाश रहेगा, जबकि हर महीने दूसरा और तीसरा शनिवार जिला न्यायालयों में बंद दिवस रहेगा। ग्रीष्म अवकाश 18 मई से 12 जून 2026 तक और शीतकालीन अवकाश 24 दिसंबर से 31 दिसंबर 2026 तक घोषित किया गया है। ईद-उल-फितर, ईद-उल-अजहा और मुहर्रम जैसे त्योहारों की तिथि चांद दिखने पर निर्भर होने के कारण बदल सकती है। इसके अलावा, जिला स्तर पर घोषित स्थानीय अवकाश कलेक्टर की घोषणा के बाद ही लागू होंगे। वहीं, राज्य शासन द्वारा घोषित अचानक अवकाश को भी जिला अदालतें तभी मानेंगी जब उसे हाईकोर्ट की स्टैंडिंग कमेटी की अनुमति मिल जाएगी। जिला न्यायालयों के कर्मचारी और अधिकारी वर्षभर में उपलब्ध सूची से तीन वैकल्पिक अवकाश, जबकि न्यायिक अधिकारी अधिकतम 15 दिन का अवकाश ले सकते हैं।




# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, सोमवार, 22 दिसंबर 2025





# चुनावी बॉन्ड रद्द होने के बाद राजनीतिक पार्टियों का चंदा 3 गुना बढ़ा- रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट द्वारा चुनावी बॉन्ड योजना रद्द किए जाने के बाद पहले वित्तीय वर्ष में राजनीतिक पार्टियों को मिले चंदे की जानकारी सामने आई है। 2024-25 में 9 चुनावी ट्रस्टों ने राजनीतिक पार्टियों को कुल 3,811 करोड़ रुपये का चंदा दिया। इसमें से सबसे ज्यादा (82 प्रतिशत) केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा को मिला है। वहीं, कांग्रेस को केवल 299 करोड़ रुपये या कुल दान का 8 प्रतिशत मिला है।

### भाजपा सबसे बड़ी लाभार्थी

सबसे ज्यादा 2,668 करोड़ रुपये प्रूडेंट इलेक्टोरल ट्रस्ट ने दिए हैं। इसमें से 2,180 करोड़ रुपये भाजपा को मिले है। इस ट्रस्ट को जिंदल स्टील एंड पावर, मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, भारती एयरटेल, अरबिंदो फार्मा, टोरेंट फार्मास्यूटिकल्स आदि से धन मिला है। इसके बाद प्रोग्रेसिव इलेक्टोरल ट्रस्ट ने 914 करोड़ रुपये दिए, जिसमें से 757 करोड़ भाजपा को मिले। फिर न्यू डेमोक्रेटिक इलेक्टोरल ट्रस्ट ने 160 करोड़, हार्मनी ट्रस्ट ने 35 करोड़ और ट्रिअम्फ ने 25 करोड़ रुपये दिए।

### कांग्रेस को कहां से कितना चंदा मिला?

कांग्रेस को प्रूडेंट चुनावी ट्रस्ट से 216.33 करोड़, एबी जनरल चुनावी ट्रस्ट से 15 करोड़, न्यू डेमोक्रेटिक इलेक्टोरल ट्रस्ट से 5 करोड़ और जन कल्याण इलेक्टोरल ट्रस्ट से 9.5 लाख रुपये मिले हैं। ट्रस्टों के जरिए मिली यह राशि 2023-24 में बॉन्ड से मिले 828 करोड़ की तुलना में कम है। 9 में से 5 ट्रस्ट ने कांग्रेस को कोई चंदा नहीं दिया। चिदंबरम ने भी 3 करोड़ का योगदान दिया।

## सबसे ज्यादा भाजपा को 2,668, कांग्रेस को मिले 299 करोड़ रुपए

**9 ट्रस्टों का चंदा एक साल में 200 प्रतिशत बढ़ा**

एक रिपोर्ट के मुताबिक, वर्तमान में पंजीकृत 19 चुनावी ट्रस्टों में से 13 चुनावी ट्रस्टों के चंदे से जुड़ी जानकारी चुनाव आयोग के पास उपलब्ध थी। इनमें से 9 ट्रस्टों ने पार्टियों को कुल 3,811 करोड़ रुपये के योगदान की घोषणा की। ये पिछले वित्त वर्ष में दिए गए चंदे से 200 प्रतिशत से भी ज्यादा है। जनहित, परिवर्तन, जयहिंद और जयभारत ट्रस्ट ने 2024-25 में कोई भी




### टाटा समूह ने दिए 914 करोड़ रुपये

टाटा समूह के प्रोग्रेसिव इलेक्टोरल ट्रस्ट ने 10 पार्टियों को 914 करोड़ रुपये दिए। सबसे ज्यादा 757 करोड़ रुपये (कुल राशि का 83 प्रतिशत) भाजपा को मिला। कांग्रेस को 77.3 करोड़, तृणमूल कांग्रेस, वायएसआर कांग्रेस, शिवसेना, बीजू जनता दल, बीआरएस, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), जेडीयू, डीएमके को 10-10 करोड़ रुपये मिले। टाटा समूह की 15 कंपनियों ने ये राशि दी थी। इनमें टाटा संस ने 308 करोड़, टीसीएस ने 217 करोड़ और टाटा स्टील ने 173 करोड़ रुपये दिए।

### क्या होते हैं चुनावी ट्रस्ट

चुनावी ट्रस्ट एक पंजीकृत संस्था होती है, जिसके जरिए राजनीतिक चंदे को पारदर्शी तरीके से पार्टियों तक पहुंचाया जाता है। कंपनियां राजनीतिक पार्टियों को सीधे दान नहीं देती इसलिए वे चुनावी ट्रस्ट के जरिए पार्टियों तक चंदा पहुंचाती हैं।

## खबर संक्षेप

### शबरीमला में 27 को होगी मंडला पूजा



**शबरीमला।** केरल स्थित शबरीमला भगवान अयप्पा मंदिर में 27 दिसंबर को सुबह 10 बजकर 10 मिनट से पूर्वाह्न 11.30 बजे के बीच मंडला पूजा का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के मुख्य पुजारी कंडारारू महेश मोहनारू ने बताया कि भगवान अयप्पा को पहनाई जाने वाली 'स्वर्ण अंकी' (पवित्र सोने की पोशाक) शोभायात्रा के दौरान शबरिमला में लाई जाएगी। यह शोभायात्रा 23 दिसंबर को सुबह सात बजे अरनमुला पार्थसारथी मंदिर से शुरू होगी और 26 दिसंबर की शाम को दीपाराधना से पहले सन्निधानम पहुंचने की उम्मीद है।

### अधिवक्ता हत्याकांड का आरोपी मुठभेड़ में ढेर

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश में सहारनपुर के गंगोह थानाक्षेत्र में रविवार तड़के एक अधिवक्ता की हत्या का मुख्य आरोपी एक लाख रुपये का इनामी बदमाश एसटीएफ के साथ मुठभेड़ में मारा गया। पुलिस ने बताया कि मारे गये बदमाश की पहचान सुलतानपुर जिले के निवासी सिराज अहमद के रूप में हुई, जो 2023 में अधिवक्ता आजाद अहमद की हत्या समेत हत्या के अन्य और हत्या के प्रयास के कई मामलों में वांछित था। पुलिस के अनुसार सुबह लगभग छह बजे सहारनपुर के गंगोह थानाक्षेत्र में गंगोह-नकुड़ मार्ग पर सालारपुर मोड़ के पास मुठभेड़ हुई।

### मां के पीछे चल रहे बच्चे पर तेंदुए का हमला, मौत

**अमरेली।** गुजरात के अमरेली जिले में रविवार सुबह एक तेंदुए ने एक खेती मजदूर के पांच वर्षीय बेटे पर हमला कर उसे मार डाला। घटना के बारे में सहायक वन संरक्षक प्रताप चंदू ने बताया कि सुबह करीब नौ बजे एक बच्चा अपनी मां के पीछे-पीछे चल रहा था कि तभी खेत में छिपकर बैठे तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया और उसे घसीटते हुए ले गया। घायलावस्था में बच्चे को अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। वन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि धारी कस्बे के गोपालग्राम गांव में बच्चे पर हमला करने वाले तेंदुए को पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

### कोलकाता में 'संघ के 100 वर्ष- नए क्षितिज' कार्यक्रम के पहले सत्र में संबोधन

# भागवत बोले- संघ किसी राजनीतिक विचारधारा को लेकर नहीं बना, भाजपा के चश्मे से न देखें

*आरएसएस के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने संघ की शताब्दी वर्ष व्याख्यानमाला में यह स्पष्ट किया कि संघ की स्थापना भारत को विश्व गुरु बनाने के लक्ष्य से की गई थी। उन्होंने कहा कि भारत केवल भूगोल नहीं है। यह एक संस्कृति की तरह है। संघ किसी राजनीतिक विचारधारा को लेकर नहीं बना। न ही किसी स्थिति की प्रतिक्रिया स्वरूप शुरू किया गया। इसका लक्ष्य हिंदुओं का विकास है।*

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

डॉ. मोहन भागवत ने लोगों को नसीहत दी कि वे संघ को भारतीय जनता पार्टी के जरिए देखने की कोशिश न करें, क्योंकि यह नजरिया गलत है। भागवत का यह बयान तब आया है, जब जर्मनी में राहुल गांधी ने उन्हें लेकर कहा था, 'आरएसएस चीफ खुले तौर पर कह रहे हैं कि सच नहीं, ताकत महत्वपूर्ण है।'

डॉ. भागवत ने ऐतिहासिक संदर्भ का हवाला देते हुए कहा कि 1857 के सिपाही विद्रोह के जरिए अंग्रेजों के विरुद्ध प्रयास किया गया मगर असफल रहा। बाद में सामने आया कि मात्र सशस्त्र क्रांति से अंग्रेजों को नहीं भगाया जा सकता है जिसके बाद संघ की स्थापना की गई। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम की विभिन्न धाराओं का उल्लेख करते हुए संघ को सामाजिक सुधार और एकजुटता का माध्यम बताया है।



### संघ को समझने इसे महसूस करना होगा

मोहन भागवत ने कहा कि आज पूरी दुनिया आरएसएस के नाम से वाकिफ है। लोग अक्सर आरएसएस को राजनीति या किसी एक पार्टी से जोड़कर देखते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि संघ को समझने के लिए अपने पुराने विचारों को किनारे रखना होगा और इसे भीतर से महसूस करना होगा। इसके बावजूद लोगों के मन में संघ के काम को लेकर सही धारणा नहीं है। कई बार तो संघ के शुभचिंतक भी इसके कार्यों की पूरी जानकारी नहीं रखते हैं।

### भाजपा के चश्मे से देखने की गलती न करें

डॉ. भागवत ने कहा कि संघ को भाजपा के लेंस से देखने की कोशिश न करें। संघ सिर्फ एक सर्विस ऑर्गनाइजेशन नहीं है। भागवत ने कहा कि संघ को देखकर नहीं समझ सकते, उसे अनुभव करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि 'संघ आया है पूर्ण करने के लिए नष्ट करने को लेकर नहीं। संघ का काम किसी से प्रतिस्पर्धा या लाभ लेना नहीं है।

### देश में चल रहे 1.20 लाख सेवा प्रकल्प

*आरएसएस प्रमुख ने बताया कि आज देश भर में संघ 1 लाख 20 हजार से ज्यादा सेवा प्रकल्प चला रहा है। ये प्रकल्प समाज और देश के उत्थान के लिए निरंतर काम कर रहे हैं। भागवत ने कहा कि संघ का उद्देश्य किसी परिस्थिति की प्रतिक्रिया देना या किसी से मुकाबला करना नहीं था। संघ का गठन किसी के विरोध के लिए नहीं, बल्कि समाज को एक सूत्र में पिरोने के लिए हुआ था।*

#### *हिंदू सिर्फ नाम नहीं, पहचान है*

*संघ की स्थापना के समय की स्थितियों का जिक्र करते हुए भागवत ने कहा कि तब देश के हालात अच्छे नहीं थे। भारत लगातार बाहरी आक्रमण और गुलामी का दर्द झेल रहा था। ऐसे में हिंदू समाज को संगठित करने की जरूरत महसूस हुई। उन्होंने 'हिंदू' शब्द की परिभाषा भी स्पष्ट की। भागवत ने कहा कि हिंदू महज एक नाम नहीं, बल्कि एक विशेषण है। जो भारत को अपनी माता मानता है और उसकी पूजा करता है, वह हिंदू है। आरएसएस का लक्ष्य इसी समाज का सर्वांगीण विकास करना है।*

# टीएमसी विधायक बोले- बंगाल में बनाएंगे कृष्ण मंदिर और मोहम्मदी मस्जिद

### बाबरी मस्जिद के बाद एक और ऐलान

एजेंसी ▶▶| कोलकाता



पश्चिम बंगाल में अगले साल विधानसभा चुनाव होने है, लेकिन उससे पहले ही सूबे की सियासत गरमा गई है। तृणमूल कांग्रेस के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने बाबरी मस्जिद बनाने का ऐलान किया है, जिसको लेकर बवाल मचा हुआ है। इस बीच टीएमसी के विधायक जाकिर हुसैन ने श्री कृष्ण मंदिर और मुर्शिदाबाद में मोहम्मदी मस्जिद बनाने की घोषणा की है। तृणमूल कांग्रेस के विधायक और जाने-माने उद्योगपति जाकिर हुसैन ने घोषणा की है कि हुमायूं कबीर की बाबरी मस्जिद के बाद अब श्री कृष्ण मंदिर बनेगा, जिसकी लागत 1 करोड़ रुपए होगी। इसके साथ ही उन्होंने ये भी कहा है कि मुर्शिदाबाद में मोहम्मदी मस्जिद बनेगी। उन्होंने कहा है कि गीता और कुरान में 85% समानता है।

**किंगमेकर बनने का दावा :** हुमायूं कबीर ने बीते दिनों ही दावा किया था कि पश्चिम बंगाल में 2026 के विधानसभा चुनावों के बाद वह किंगमेकर के रूप में उभरेंगे। उन्होंने कहा था कि उनके प्रस्तावित नए राजनीतिक दल के समर्थन के बिना सूबे में कोई सरकार नहीं बन सकती। उन्होंने ये भी कहा कि 294 सदस्यीय विधानसभा में कोई भी पार्टी 148 सीटों का आंकड़ा पार नहीं कर पाएगी। उन्होंने कहा कि मेरे समर्थन के बिना कोई भी सरकार नहीं बना सकता।

### जंगीपुर से विधायक हैं जाकिर हुसैन

जाकिर हुसैन मुर्शिदाबाद निर्वाचन क्षेत्र के जंगीपुर से टीएमसी के विधायक हैं। वो पश्चिम बंगाल के श्रम विभाग में राज्य मंत्री भी रह चुके हैं। हुसैन निर्वाचित सदस्य और एक सफल व्यवसायी हैं। पार्टी में शामिल होने से पहले, हुसैन बीड़ी के बड़े कारोबार में थे।

**बाबरी मस्जिद बनाने पर अड़े हुमायूं :** वहीं बात करें हुमायूं कबीर की तो वो पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के भरतपुर सीट से विधायक हैं। इन दिनों वो लगातार अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। हुमायूं मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में बाबरी मस्जिद बनाने पर अड़े हुए हैं। 6 दिसंबर को उन्होंने मस्जिद की आधारशिला रखी थी। उन्होंने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ फीता काटकर मस्जिद की नींव रखी थी। पार्टी ने उन्हें निलंबित कर दिया था।

### महाराष्ट्र निकाय चुनाव की मतगणना

# महायुति को 207, एमवीए को 44, शिंदे को 53, उद्धव की सेना 9 सीटों पर सिमटी

**भाजपा 117 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी**



एजेंसी ▶▶| मुंबई

महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन ने रविवार को 288 नगर परिषदों और नगर पंचायतों के चुनाव में शानदार जीत हासिल करते हुए इन स्थानीय निकायों में अध्यक्ष के 207 पदों पर कब्जा जमा लिया। विपक्षी महा विकास आघाडी (एमवीए) 44 सीट ही हासिल कर सकी। राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी) ने रात में अंतिम आंकड़े साझा किए। एसईसी के अनुसार, भाजपा ने नगर निगम अध्यक्ष के 117 पद जीते, शिवसेना ने 53 और राकांपा ने 37 पद जीते। वहीं, एमवीए के घटक दल कांग्रेस को 28, राकांपा (एसपी) को सात और शिवसेना (उबाठा) ने अध्यक्ष के नौ पदों पर जीत दर्ज की। राज्य निवार्चन आयोग के अनुसार, पंजीकृत अन्य पार्टियों ने चार सीट हासिल की, गैर मान्यता प्राप्त पंजीकृत दलों ने नगर अध्यक्ष के 28 पदों पर जीत दर्ज की। पांच सीट निर्दलीय उम्मीदवारों के खाते में गई।

### सीएम फडनवीस ने किया आभार व्यक्त

वहीं, निकाय चुनाव में महायुति की जीत पर सीएम देवेंद्र फडणवीस ने खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा भाजपा और महायुति को मिली जबरदस्त सफलता के लिए मैं महाराष्ट्र की जनता का आभार व्यक्त करता हूं। फडणवीस ने कहा कि महायुति के तौर पर हमने 215 नगरपालिकाएं (74.65 प्रतिशत) जीती हैं। 2017 में भाजपा के 1602 पार्षद थे। अब बढ़कर 3325 हो गए हैं। पार्षद की कुल संख्या 6952 है, इनमें से महायुति के 4331 पार्षद जीते हैं।

## पोलियो मुक्त भारत अभियान की शुरुआत...



**कमालपुरा।** कर्नाटक के कमालपुरा शहर में केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने छोटे बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर पोलियो मुक्त भारत अभियान की शुरुआत की।

### हजारीबाग में कोयला खदान ढहने से दो लोगों की मौत

**हजारीबाग।** झारखंड के हजारीबाग जिले में कोयला खदान का एक हिस्सा ढहने से ट्रक पर सवार दो मजदूरों की मौत हो गई। इस संबंध में एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह हादसा शनिवार रात करीब 11 बजे उरीमारी थाना क्षेत्र के 'सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड' के कमांड क्षेत्र में उस वक्त हुआ, जब खदान का एक हिस्सा कोयला ढोने वाले वाहन पर गिर गया। रविवार को शुरू किए गए अभियान के दौरान दोनों शवों को मलबे से बाहर निकाला गया। मृतकों की पहचान सुनील यादव और राजू पासवान के रूप में हुई है। उन्होंने कहा, "दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। एक अन्य व्यक्ति को दुर्घटनास्थल से निकालकर स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### बेटों ने हैसियत न होने के बावजूद पिता के कराए थे कई बीमा

# बेटों की साजिश: इंश्योरेंस के 3 करोड़ के लिए पिता को सांप से कटवाया

एजेंसी ▶▶| तिरुवल्लूर

तिरुवल्लूर जिले में एक सांप के काटने की घटना अब हत्या का मामला बन गई है। पुलिस ने खुलासा किया है कि पिता की हत्या उसके अपने बेटों ने की थी। मकसद था लगभग तीन करोड़ रुपये का इंश्योरेंस पैसा हासिल करना। घटना को हादसा बताने की साजिश रची गई थी। इस मामले में पीड़ित के दोनों बेटों समेत छह लोग गिरफ्तार हुए हैं। मामले की जानकारी एक इंश्योरेंस कंपनी ने दी थी। कंपनी ने दावे के हालात पर शक जताया था। इसके बाद पुलिस ने विशेष जांच दल बनाकर केस की तह तक पहुंची।



### छह आरोपी हुए गिरफ्तार, जारी है जांच

इस मामले में अब तक छह लोग गिरफ्तार किए जा चुके हैं। इनमें पीड़ित के दोनों बेटे शामिल हैं। चार अन्य लोग भी शामिल हैं जिन्होंने सांप का इंतजाम किया था। ये सभी आरोपी हत्या की साजिश में शामिल बताए जाते हैं। पुलिस मामले की और गहराई से जांच कर रही है। सभी आरोपियों से पूछताछ जारी है।

### अस्पताल ले जाने में हुई देरी भी शक

जांचकर्ताओं ने एक महत्वपूर्ण बात पर गौर किया। पीड़ित को अस्पताल ले जाने में अनावश्यक देरी हुई थी। यह देरी हत्या की साजिश को और पुख्ता करती है। एक असली आपात स्थिति में ऐसी देरी नहीं होती। यह देरी जानबूझकर की गई लगती है। इससे पीड़ित के बचने की संभावना कम हो गई।

### इंश्योरेंस कंपनी ने किया था अलर्ट

छप्पन साल के ई पी गणेशन सरकारी स्कूल में शिक्षक थे। अक्टूबर में अपने घर पर मृत पाए गए थे। परिवार ने बताया कि सांप काटने से उनकी मौत हुई है। पुलिस ने भी शुरू में इसे हादसा मान लिया था लेकिन इंश्योरेंस कंपनी ने पुलिस को अलर्ट किया। पता चला कि मृतक के नाम पर कई बड़ी पॉलिसी ली गई थीं। नॉमिनी के व्यवहार पर भी शक के बादल थे। इसके बाद गहन जांच शुरू हुई। जिसके बाद दो बेटों सहित 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

#### पहली कोशिश हुई थी नाकाम

गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में पता चला कि हत्या से एक सप्ताह पहले भी प्रयास हुआ था। आरोपियों ने एक कोबरा सांप का इंतजाम किया था। उन्होंने इस सांप को पीड़ित के पैर पर कटवाया लेकिन पड़ोसियों की मदद से वह बच गए। इसके बाद आरोपियों ने और अधिक जहरीले सांप करैत का चुनाव किया और गर्दन में डसवाकर हत्या कर दी। सांप को घर पर ही मार दिया गया ताकि यह हादसा लगे।

### पर्यटन विभाग के कार्यक्रम पर आपत्ति

# गंगा किनारे क्रिसमस पार्टी पर बवाल संतों ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

एजेंसी ▶▶| हरिद्वार

धर्मनगरी हरिद्वार में गंगा तट पर क्रिसमस मनाने की तैयारी पर विवाद शुरू हो गया है। तीर्थ पुरोहितों और गंगा सभा ने इस आयोजन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने इसे सनातन धर्म की परंपराओं के खिलाफ बताया है। पुरोहितों ने साफ चेतावनी दी है कि गंगा किनारे ऐसे आयोजन बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने 25 दिसंबर को एक कार्यक्रम प्रस्तावित किया है। यह आयोजन हरिद्वार के भागीरथी होटल परिसर में होना है। यह स्थान गंगा तट के बेहद करीब है। जैसे ही इसकी खबर फैली, तीर्थ पुरोहित नाराज हो गए। उनका मानना है कि पवित्र गंगा तट पर गैर-सनातन आयोजन करना गलत है। गंगा सभा से जुड़े उज्ज्वल पंडित ने कड़ा रुख अपनाया है। अगर पर्यटन विभाग ने यह कार्यक्रम रद्द नहीं किया, तो उग्र आंदोलन होगा।

#### 'गंगा केवल नदी नहीं, आस्था है'

विरोध कर रहे लोगों का कहना है कि गंगा सिर्फ एक नदी नहीं है। यह सनातन संस्कृति और करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है। हरिद्वार एक प्रमुख तीर्थ स्थल है। यहां की अपनी मर्यादा और परंपराएं हैं। ऐसे पवित्र स्थान पर क्रिसमस जैसा आयोजन धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला है।

आनंद का सच्चा भाव®
18 कैरेट रेट* (75.00%) = ₹99522/-
22 कैरेट रेट* (91.60%) = ₹121550/-
24 कैरेट रेट* (99.99%) = ₹132683/-
सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
ANAND Jewels
Pandri, Raipur
*Conditions apply

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, सोमवार 22 दिसंबर 2025



26 दिसंबर से नया किराया लागू करने रेलवे ने की घोषणा

# रेल सफर महंगा, 215 किमी से अधिक यात्रा पर नई दरें

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली**

अलग खबर

रेल मंत्रालय ने रविवार को घोषणा की कि 215 किलोमीटर से अधिक की यात्रा के लिए साधारण श्रेणी के टिकट में प्रति किलोमीटर एक पैसा और मेल/एक्सप्रेस रेलगाड़ियों की गैर-वातानुकूलित श्रेणी व सभी ट्रेन की वातानुकूलित श्रेणियों में प्रति किलोमीटर दो पैसे की वृद्धि की जाएगी। नयी दरें 26 दिसंबर 2025 से प्रभावी होंगी। अधिकारियों ने कहा, उपनगरीय रेलगाड़ियों के मासिक सीजन टिकट और अन्य ट्रेन में 215 किलोमीटर तक की साधारण श्रेणी की यात्रा के किराए में कोई वृद्धि नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि किराए में इस बढ़ोतरी से रेलवे को 31 मार्च 2026 तक करीब 600 करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व मिलने की उम्मीद है। रेल मंत्रालय के अनुसार, जुलाई 2025 में की गई किराया वृद्धि से अब तक लगभग 700 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हो चुका है।

### यहां हुई किराए में बढ़ोतरी

- लंबी दूरी की यात्रा करने वालों के लिए किराए में मामूली बढ़ोतरी की गई है। 215 किलोमीटर से अधिक की दूरी पर साधारण श्रेणी में यात्रा करने पर प्रति किलोमीटर 1 पैसा ज्यादा लगेगा।
- मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों के नॉन-एसी कोचों और सभी एसी क्लास में प्रति किलोमीटर 2 पैसे की बढ़ोतरी होगी।
- रेलवे ने उदाहरण देते हुए बताया कि 500 किलोमीटर की नॉन-एसी यात्रा पर केवल 10 रुपए अतिरिक्त लगेंगे।



### क्यों बढ़ाया किराया?

रेलवे अधिकारियों का कहना है कि यह किराया युक्तिकरण पिछले एक दशक में रेलवे नेटवर्क और संचालन के बड़े विस्तार को देखते हुए किया गया है। रेलवे के संचालन की मांग बढ़ी है। सुरक्षा उपायों को मजबूत करने के लिए कर्मचारियों की संख्या भी बढ़ाई गई है, जिससे खर्चों में वृद्धि हुई है। कर्मचारियों पर होने वाला खर्च बढ़कर 1.15 लाख करोड़ रुपए हो गया है, जबकि पेंशन का खर्च 60,000 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। साल 2024-25 के लिए कुल परिचालन लागत 2.63 लाख करोड़ रुपए हो गई है।

### इन्हें मिली बढ़ोतरी से छूट

- नई व्यवस्था के तहत लोकल ट्रेनों और मासिक सीजन टिकट के किराए में कोई इजाफा नहीं होगा।
- साधारण श्रेणी में 215 किलोमीटर तक की यात्रा करने वाले यात्रियों को भी पुराने किराए का ही भुगतान करना होगा।

## रायपुर से दिल्ली तक का सफर 13 से 26 रुपए महंगा

*भारतीय रेलवे ने लंबी दूरी की यात्रा के लिए किराए में बढ़ोतरी की घोषणा की है। यह नया किराया 26 दिसंबर 2025 से लागू होगा। 215 किलोमीटर से ज्यादा का सफर करने वाले यात्रियों को अब हर किलोमीटर के लिए 1 से 2 पैसे अतिरिक्त चुकाने होंगे। ऐसे में अब रायपुर से मुंबई, दिल्ली, अंबिकापुर, नागपुर समेत महानगर जाने ट्रेन का सफर थोड़ा महंगा हो जाएगा।*

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

बता दें कि रायपुर से मुंबई की दूरी 1130 किलोमीटर है। ट्रेन का स्लीपर में किराया 565 और थर्ड एसी में 1475 है, जो नए नियम के बाद अब स्लीपर में 1 पैसे के हिसाब से 11.30 रुपए बढ़ जाएंगे। यात्रियों को 565 की जगह 576 देने होंगे। 2 पैसे के अनुसार 22.60 अधिक देने पड़ सकते हैं। इसी तरह रायपुर ▶▶| शेष पेज 5 पर

**राष्ट्रपति मुर्मू ने ‘विकसित भारत-जी राम जी विधेयक, 2025’ को दी मंजूरी**

# ग्रामीण परिवार को अब साल में 100 की जगह 125 दिन की रोजगार गारंटी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी वीबी जी राम जी बिल 2025 को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही देश की प्रमुख ग्रामीण रोजगार योजना में बड़े बदलाव का रास्ता साफ हो गया है। नए कानून के तहत सबसे बड़ा बदलाव यह है कि ग्रामीण परिवारों को मिलने वाली रोजगार गारंटी 100 दिन से बढ़ाकर 125 दिन प्रति वित्तीय वर्ष कर दी गई है।

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मंजूरी के बाद अधिसूचना भारत के राजपत्र में प्रकाशित की गई है। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने एक बयान में इसे भारत के ग्रामीण रोजगार और विकास ढांचे में एक निर्णायक सुधार बताया है। पिछले सप्ताह विपक्ष के विरोध के बीच संसद ने वीबी-जी राम जी विधेयक, 2025 को पारित किया था। इसका उद्देश्य मौजूदा ग्रामीण रोजगार कानून ‘मनरेगा’ को प्रतिस्थापित करना है और प्रत्येक ग्रामीण परिवार को प्रति वित्त वर्ष 125 दिनों का रोजगार सुनिश्चित करना है।

## करीब दो दशक पुराना मनरेगा में किया गया बदलाव



### अब केंद्र- राज्य की साझा फंडिंग

फंडिंग व्यवस्था में भी अहम बदलाव किया गया है। मनरेगा में जहां मजदूरी का पूरा खर्च केंद्र सरकार उठाती थी, वहीं नए वीबी-जी रैम जी ढांचे में केंद्र और राज्य सरकारों के बीच साझा फंडिंग का प्रावधान किया गया है।

### विपक्ष ने किया कड़ा विरोध

कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने कानून के नाम से महात्मा गांधी का नाम हटाए जाने पर आपत्ति जताई है। उनका आरोप है कि यह बिल मनरेगा की अधिकार आधारित भावना को कमजोर करता है।

### ‘शांति’ विधेयक को भी मंजूरी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के शीतकालीन सत्र में पारित किये गए ‘भारत के रुपांतरण के लिए नाभिकीय ऊर्जा का संधारणीय दोहन और अभिवर्द्धन (शांति) विधेयक’ को मंजूरी दे दी। यह विधेयक नागरिक परमाणु क्षेत्र से संबंधित सभी कानूनों को समाहित करता है और साथ ही इसे निजी क्षेत्र की भागीदारी के लिए भी खोलता है।

### ग्रामीण श्रमिकों के सम्मान और अधिकारों की मजबूत गारंटीः साय



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि विकसित भारत–जी राम जी ग्रामीण गरीबों, श्रमिकों और मेहनतकश मजदूर वर्ग के जीवन में भरोसा, सम्मान और सुरक्षा सुनिश्चित करने की सशक्त व्यवस्था है। यह अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक समय पर काम, पूरा पारिश्रमिक और पारदर्शी व्यवस्था पहुंचाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत–जी राम जी के माध्यम से यह सुनिश्चित करने का प्रयास ▶▶| शेष पेज 5 पर

**सदमे में परिवार, क्षेत्र में शोक**

# टैंकर से टकराई कार, एक ही परिवार के तीन की मौत







**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सूरजपुर**

शनिवार को एनएच 130 पर हुए भीषण सड़क हादसे में एक महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई। तीनों एक ही परिवार के सदस्य थे और उपचार कराने के लिए बिलासपुर हॉस्पिटल जा रहे थे। इस दौरान ओवर टेक करते समय उनकी कार टैंकर से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी की एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो लोगों ने उपचार के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। रविवार को तीनों मृतकों के नगर में पहुंचे जहां देर शाम एक साथ तीन जनाजे उठे। एक ही ▶▶| शेष पेज 5 पर

### एक साथ निकले तीन जनाजे

सड़क हादसे में एक ही परिवार से तीन लोगों के मौत की सूचना मिलने के बाद नगर में शोक का माहौल निर्मित हो गया। देर शाम तक तीनों मृतकों के शव उनके मजिस्दपारा स्थित निवास पर लाए गए, जिसके बाद लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। घटना के बाद परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक अजहर शेख उर्फ जुगनू अपने पीछे 4 साल और 2 साल की दो मासूम बेटियों को छोड़ गए हैं जिनके सिर से पिता का साया उठ गया। रविवार की देर शाम एक ही घर से तीन जनाजे निकले और स्थानीय कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्द खाक किया गया।



## चिंतन

# ‘वीबी-जी राम जी’ देगी ग्रामीण जीवन को गति

विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी वीबी-जी राम जी योजना आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत की नींव मजबूत कर ग्रामीण जीवन को मजबूती देने का काम करेगी। इसका मुख्य उद्देश्य सीधे गांव के लोगों को काम देने की बजाय गांवों की आमदनी बढ़ाना है। इसमें स्वरोजगार को बढ़ावा दिया जाता है। खेती, पशुपालन और छोटे उद्योगों को बढ़ावा दिया जाता है और गांव को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना इसका उद्देश्य है। यह विधेयक हाल ही में संसद के दोनों सदनों में पास हो गया था। अब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मंजूरी के बाद कानून बन गया। इस योजना ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का स्थान लिया है। मनरेगा अब बीते दिनों की बात हो जाएगी। इस कानून के तहत ग्रामीण परिवारों को मिलने वाली वैधानिक मजदूरी रोजगार की गारंटी को बढ़ाकर एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 125 दिन कर दिया गया है। जो मनरेगा के 100 दिनों से अधिक है। सरकार इसे ग्रामीण जीवन को मजबूत आधार देने वाला ऐतिहासिक कदम बता रही है। इसके लागू होने से ग्रामीण क्षेत्रों में बहुत कुछ बदल जाएगा। इस योजना को चार प्रमुख भागों में बांटा गया है। इनमें जल सुरक्षा, मुख्य ग्रामीण इन्फ्रास्ट्रक्चर, आजीविका से जुड़े इन्फ्रास्ट्रक्चर और मौसमी घटनाओं के लिए विशेष कार्य शामिल हैं। यह अधिनियम एक केन्द्रीय प्रायोजित योजना के रूप में लागू किया जाएगा, जिसे राज्यों द्वारा अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार अधिसूचित और क्रियान्वित किया जाएगा। व्यय-साझेदारी का पैटर्न केंद्र और राज्यों के बीच 60:40, पूर्वोत्तर एवं हिमालयी राज्यों के लिए 90:10, तथा विधानसभा रहित केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 100 प्रतिशत केंद्रीय वित्त पोषण का है। निधि राज्यवार मानकीकृत आवंटनों के माध्यम से प्रदान की जाएगी, जो नियमों में निर्दिष्ट वस्तुनिष्ठ मानकों पर आधारित होगी (धाराएं 4(5) एवं 22(4)), जिससे पूर्वानुमेयता, वित्तीय अनुशासन और सुदृढ़ योजना निर्माण सुनिश्चित होगा, साथ ही रोज़गार तथा बेरोज़गारी भत्ते से संबंधित वैधानिक अधिकारों का पूर्ण संरक्षण बना रहता है। वीबी-जी राम जी कानून लागू होने से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की कानूनी गारंटी पहले से ज्यादा मजबूत हो जाएगी। ग्रामीणों की जेब में ज्यादा पैसा आएगा। नए कानून का मकसद केवल रोजगार नहीं है, बल्कि ग्रामीण समाज का समग्र सशक्तिकरण करना है। इसमें समावेशी विकास को प्राथमिकता दी गई है, ताकि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंच सके और उन्हें मुख्यधारा में शामिल किया जा सके। यह कानून महिलाओं, कमजोर वर्गों और जरूरतमंद परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभाएगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को स्थायी मजबूती प्रदान करेगा। इससे विकास कार्यों में पारदर्शिता और गति दोनों बढ़ेगी। ग्रामीण क्षेत्रों में असमानता कम होगी और विकास का लाभ सभी तक पहुंचेगा। रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, जिससे ग्रामीण परिवारों की आय में वृद्धि होगी। विकास कार्य तेजी से होंगे, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति में सुधार होगा। ग्राम सभाओं को अधिक अधिकार दिए जाएंगे, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही तय हो सकेगी। रोजगार बढ़ने से गांवों में आय के साधन मजबूत होंगे और शहरों की ओर पलायन पर भी रोक लगेगी। यह योजना विकसित भारत 2047 के विज़न के पूर्णतः अनुरूप है।



सहकारिता
महेन्द्र तिवारी

# भारत टैक्सी से ओला-उबर को चुनौती

> भारत टैक्सी का मूल विचार अमूल मॉडल से प्रेरित है, हज़ारों छोटे-छोटे हितधारकों को जोड़कर एक बड़ा, भरोसेमंद और सामूहिक ब्रांड खड़ा करना। जिस तरह अमूल ने दूध उत्पादकों को बाज़ार की ताक़त दी, उसी तरह भारत टैक्सी ड्राइवरों को सिर्फ सेवा प्रदाता नहीं, बल्कि सहकारी संस्था के सदस्य-साझेदार के रूप में देखती है। "सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड" के ज़रिए संचालित यह पहल ड्राइवरों को साझा टेक्नोलॉजी प्लेटफ़ॉर्म, साझा मार्केटिंग और साझा मुनाफे का हिस्सा बनाती है। सहकारिता मंत्रालय के समर्थन और अमूल, इफको, नाबार्ड, एनसीडीसी जैसी संस्थाओं की भागीदारी इसे एक हद तक संस्थागत विश्वसनीयता भी देती है।

भारत टैक्सी का अमूल-आधारित सहकारी मॉडल भारत की ऐप-आधारित टैक्सी अर्थव्यवस्था में सिर्फ एक नया स्टार्ट-अप नहीं, बल्कि एक वैचारिक हस्तक्षेप के रूप में सामने आ रहा है। पिछले एक दशक में ओला-उबर जैसे प्लेटफॉर्मों ने शहरी मोबिलिटी को तेज़, सुलभ और तकनीक-संचालित बनाया, लेकिन इसके साथ ही गिग-इकोनॉमी का एक ऐसा चेहरा भी उभरा, जिसमें ड्राइवर ऊँचे कमीशन, अस्थिर आय, एल्गोरिद्मिक दंड और सर्ज प्राइसिंग की मार झेलते रहे। यात्रियों को भी कभी-कभी सुविधा के बदले अनियंत्रित किराया और सुरक्षा को लेकर असहजता स्वीकार करनी पड़ी। इसी पृष्ठभूमि में भारत टैक्सी एक ऐसे विकल्प के रूप में प्रस्तुत हो रही है, जो लाभ अधिकतमकरण की जगह सहकार, स्वामित्व और न्याय की भाषा बोलती है।




भारत टैक्सी का मूल विचार अमूल मॉडल से प्रेरित है, हज़ारों छोटे-छोटे हितधारकों को जोड़कर एक बड़ा, भरोसेमंद और सामूहिक ब्रांड खड़ा करना। जिस तरह अमूल ने दूध उत्पादकों को बाज़ार की ताक़त दी, उसी तरह भारत टैक्सी ड्राइवरों को सिर्फ सेवा प्रदाता नहीं, बल्कि सहकारी संस्था के सदस्य-साझेदार के रूप में देखती है। "सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड" के ज़रिए संचालित यह पहल ड्राइवरों को साझा टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म, साझा मार्केटिंग और साझा मुनाफे का हिस्सा बनाती है। सहकारिता मंत्रालय के समर्थन और अमूल, इफको, नाबार्ड, एनसीडीसी जैसी संस्थाओं की भागीदारी इसे एक हद तक संस्थागत विश्वसनीयता भी देती है। दिल्ली और सौराष्ट्र क्षेत्र में पायलट के दौरान ही हज़ारों ड्राइवरों के जुड़ने का दावा बताता है कि यह विचार ज़मीन पर कुछ हद तक स्वीकार्यता पा रहा है।

ड्राइवर-केंद्रित दृष्टिकोण भारत टैक्सी की सबसे बड़ी विशिष्टता है। मौजूदा एग्रीगेटर प्लेटफॉर्मों पर 20 से 30 प्रतिशत तक कमीशन, जटिल इंसेंटिव संरचना और अकसर मनमाने बैन ड्राइवरों की सबसे बड़ी शिकायत रही है। भारत टैक्सी इन शिकायतों का जवाब न्यूनतम या शून्य कमीशन, नाममात्र प्लेटफॉर्म फीस और मुनाफे के सहकारी वितरण के ज़रिए देने का दावा करती है। प्रति राइड मिलने वाली आय का बड़ा हिस्सा सीधे ड्राइवर तक पहुँचना, और अतिरिक्त अधिशेष का सदस्य-लाभांश के रूप में लौटना, इस मॉडल को रोज़गार से आगे बढ़ाकर साझा स्वामित्व की दिशा में ले जाता है। प्रतीकात्मक रूप से ड्राइवरों को "सारथी" कहा जाना भी इसी सोच को रेखांकित करता है कि वे सिर्फ ऐप पर लॉग-इन करने वाले गुमनाम कर्मी नहीं, बल्कि नीति और दिशा तय करने वाले भागीदार हैं। यात्रियों के लिए भारत टैक्सी का आकर्षण पारदर्शिता और स्थिरता में निहित है। सर्ज प्राइसिंग पर रोक और पहले से तय किराया-ब्रैकेट इस वादे के साथ आते हैं कि पीक ऑवर, बारिश या किसी आपात स्थिति में किराया अचानक कई गुना नहीं बढ़ेगा। न्यूनतम किराया, प्रति किलोमीटर दर और दूरी के हिसाब से घटती कीमतें एक ऐसे ढांचे का संकेत देती हैं जिसमें सेवा को सार्वजनिक उपयोगिता के करीब लाने की कोशिश है, न कि केवल अधिकतम मुनाफे का साधन बनाने की। मल्टीलिंगुअल इंटरफेस, रियल-टाइम ट्रैकिंग, 24x7 कस्टमर सपोर्ट और भविष्य में मेट्रो जैसे ट्रांज़िट सिस्टम से इंटीग्रेशन का वादा यह दिखाता है कि यह पहल तकनीकी अनुभव में निजी कंपनियों से पीछे नहीं रहना चाहती। फिर भी, इस सहकारी सपने के सामने चुनौतियां कम नहीं हैं। तकनीकी स्तर पर ओला-उबर जैसे दिग्गजों के पास वर्षों का डेटा, परिष्कृत एल्गोरिद्म और विशाल सर्वर इंफ्रास्ट्रक्चर है। दो मिनट के भीतर पिक-अप, कम कैंसिलेशन और निर्बाध ऐप अनुभव देना केवल विचारधारा से संभव नहीं, इसके लिए भारी तकनीकी निवेश और दक्ष प्रबंधन चाहिए।

जैसे-जैसे भारत टैक्सी अधिक शहरों और भौगोलिक क्षेत्रों में फैलेगी, सहकारी शासन की जटिलताएँ भी बढ़ेंगी—निर्णय-प्रक्रिया की गति, स्थानीय हितों का टकराव और पेशेवर प्रबंधन व सदस्य-लोकतंत्र के बीच संतुलन बनाए रखना आसान नहीं होगा। एक और बड़ी बाधा उपभोक्ता आदतों की है। ओला-उबर अब सिर्फ सेवाएँ नहीं, बल्कि शहरी जीवनशैली का हिस्सा बन चुके हैं। उनके ऐप खोलना, किराया स्वीकार करना और यात्रा शुरू करना एक स्वाभाविक क्रिया बन गई है। भारत टैक्सी को इस आदत को तोड़ने के लिए नैतिक अपील से आगे बढ़कर लगातार बेहतर, भरोसेमंद और सहज अनुभव देना होगा। यदि सेवा में देरी, ड्राइवर उपलब्धता की कमी या तकनीकी खामियाँ रहीं, तो सहकारी विचार का आकर्षण जल्दी फीका पड़ सकता है।

इसके बावजूद भारत टैक्सी का महत्व उसके तत्काल व्यावसायिक भविष्य से कहीं बड़ा है। यह पहल यह प्रश्न उठाती है कि क्या प्लेटफॉर्म अर्थव्यवस्था अनिवार्य रूप से वेंचर-कैपिटल संचालित, प्रॉफिट-मैक्सिमाइज़िंग मॉडल तक सीमित रहेगी, या उसमें सहकारी, श्रमिक-केंद्रित विकल्पों के लिए भी जगह बन सकती है। यदि यह प्रयोग सफल होता है और ड्राइवरों की आय व गरिमा में वास्तविक सुधार लाता है, तो यह उदाहरण फूड डिलीवरी, लॉजिस्टिक्स और अन्य गिग-आधारित क्षेत्रों में भी दोहराया जा सकता है। और यदि यह आंशिक या सीमित स्तर पर ही टिक पाता है, तब भी यह बहस को मजबूर करेगा कि तकनीक का इस्तेमाल केवल पूँजी के हित में हो या समाज के व्यापक हित में।

अंततः भारत टैक्सी को एक प्रयोग के रूप में देखना अधिक यथार्थवादी होगा। एक ऐसा प्रयोग जिसमें सरकारी-सहकारी समर्थन और सामूहिक स्वामित्व की ताक़त है, लेकिन बाज़ार की प्रतिस्पर्धा और तकनीकी चुनौतियों का दबाव भी उतना ही वास्तविक है। आने वाले वर्षों में यह तय होगा कि टैक्सियों का यह "अमूल मॉडल" भारतीय मोबिलिटी इकोसिस्टम में एक नई धारा बनता है या समानांतर, सीमित-कक्षा का विकल्प बनकर रह जाता है। पर इतना स्पष्ट है कि इसने प्लेटफॉर्म अर्थव्यवस्था की दिशा पर एक ज़रूरी और समयोचित सवाल खड़ा कर दिया है और यही किसी भी संपादकीय रूप से महत्वपूर्ण पहल की असली कसौटी है। यूनियन होम एंड कोऑपरेशन मिनिस्टर सहित अन्य अधिकारियों ने इस योजना का समर्थन किया है और इसे देश में एक स्थानीय और पारदर्शी राइड-हेलिंग ऑप्शन के रूप में पेश किया है। कहा गया है कि इस पहल से ना केवल ड्राइवरों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, बल्कि भारतीय राइड-शेयरिंग उद्योग में भी प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

गणित दिवस
बाल मुकुन्द ओझा



# गणितीय जगत के बेजोड़ नक्षत्र थे रामानुजन

आज 22 दिसंबर के दिन हर वर्ष राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया जाता है। यह दिन महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। यह दिन देश के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन को समर्पित है जिनका जन्म 22 दिसंबर, 1887 को तमिलनाडु राज्य के इरोड नामक स्थान पर हुआ था। महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन ने 100 साल पहले गणित की जो गुत्थियां सुलझाई थीं, वह आज भी विज्ञान की दुनिया को हैरान कर रही हैं। रामानुजन को आधुनिक काल के महान गणित विचारकों में गिना जाता है। उन्होंने अपने जीवनकाल में गणित के विश्लेषण एवं संख्या सिद्धांत के क्षेत्रों में गहन योगदान दिया। रामानुजन को गणित में कोई विशेष प्रशिक्षण नहीं मिला था इसके बावजूद इन्होंने अपनी प्रतिभा और लगन से ना केवल गणित के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किए अपितु भारत को वैश्विक स्तर पर गौरव प्रदान कराने का भी काम किया था। राष्ट्रीय गणित दिवस को मनाने का उद्देश्य लोगों में गणित के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। भारत और गणित का रिश्ता बहुत अटूट रहा है। माना जाता है कि भारत ही वह देश है जिसने पूरी दुनिया को गणित के सबसे महत्वपूर्ण अंक 'शून्य', नकारात्मक संख्या, दशमलव प्रणाली, बीजगणित, त्रिकोणमिति जैसे विषयों से अवगत कराया था। ऐसा देखा गया है कि हमारी आज की युवा पीढ़ी गणित के नाम से अपने पैर पीछे खींच लेती है। हम अपना



हर छोटा मोटा हिसाब आजकल मोबाइल पर करने लगे हैं। आज भी पुरानी पीढ़ी के लोग जोड़ बाकी अँगुलियों पर करते हैं और नई पीढ़ी के युवा मोबाइल का सहारा लेते हैं। नई तकनीक ने हालांकि गणित को हल करने में सरलता कर दी है। इसके बावजूद गणित के प्रति हमारा रवैया सकारात्मक नहीं है। लोगों में गणित के प्रति जागरूकता और उत्साह उत्पन्न करने के लिए इस दिवस को मानते हैं। इस दिन गणित के शिक्षकों और छात्रों को इस विषय को आसान बनाने और लोगों के बीच इसकी लोकप्रियता बढ़ाने के लिए ट्रेनिंग दी जाती है। देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने 22 दिसंबर 2012 को चेन्नई में महान गणितज्ञ श्रीनिवास अयंगर रामानुजन की 125वीं वर्षगाठ के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में श्रीनिवास रामानुजन को श्रद्धांजलि देते हुए वर्ष 2012 को राष्ट्रीय गणित वर्ष और साथ ही उनके जन्मदिन के अवसर पर 22 दिसंबर को राष्ट्रीय गणित दिवस घोषित किया। तभी से 22 दिसंबर को हर साल राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर शिक्षण संस्थाओं में विभिन्न आयोजनों के माध्यम से रामानुजन को याद किया जाता है और गणित के महतत्व की जानकारी दी जाती है। रामानुजन को बचपन से ही गणित में काफी रुचि थी। उन्होंने किसी भी तरह की कोई औपचारिक शिक्षा नहीं ली थी लेकिन उन्होंने अपने जीवन में ऐसी-ऐसी खोजें कीं कि बड़े-बड़े गणितज्ञ हतप्रभ रह गए। रामानुजन ने 12 साल की उम्र में त्रिकोणमिति में महारत हासिल कर ली थी और बिना किसी की सहायता के खुद से कई प्रमेय भी विकसित किए। उनका यह कार्य ऐतिहासिक माना गया था। रामानुजन की प्रतिभा का पता इसी से लगाया जा सकता है कि जब वह सातवीं कक्षा में पढ़ते थे तो उसी समय ये बी. ए. के छात्रों को गणित पढ़ाया करते थे। लोनी के द्वारा प्रसिद्ध त्रिकोणमिति जिसे हल करने में बड़े-बड़े गणितज्ञ असफल हो जाया करते थे, मगर इन्होंने अपनी मात्र 13 वर्ष की अल्पायु में ही हल करके अपनी प्रतिभा को प्रमाणित कर दिया था। उनके बारे में यह कहा जाता था कि वे गणित के किसी भी प्रश्न को सबसे अधिक आसान तरीके से हल कर सकते थे। उनकी इसी विलक्षण प्रतिभा ने इनको विश्व में गणित का गुरु होने का दर्जा दिलाया था। गणित के क्षेत्र में किए गए कार्यों की वजह से इनका नाम इतिहास के पन्नों में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित किया गया है। इन्होंने अपने कार्यों के द्वारा भारत के सम्मान में भी चार चाँद लगाए। टीबी की बीमारी की वजह से रामानुजन का 32 साल की उम्र में उनका निधन हो गया।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## गावत संतत संभु भवानी



संकलित
दर्शन

शिव वो हैं, जो सब कुछ सहजता के साथ लेते हैं। शिव भक्ति का एक अर्थ यह भी है कि सब कुछ सहजता के साथ किया जाए और सब कुछ सहजता के साथ लिया जाए। व्यक्ति मुस्कुराए तो सहजता के साथ और रोये तो भी सहजता के साथ। भगवान शिव इतने सहज हैं कि देवों के देव होने के बावजूद वो नाचते भी हैं, गाते भी हैं, मुस्कुराते भी हैं। जैसे महाभारत में कृष्ण ने गीता गाई, तुलसीदास श्रीरामचरितमानस गाते हैं, वैसे ही भगवान शिव भी गाते हैं। भगवान शिव ने माथे पर वक्रचंद्र को धारण किया है। यह एक संकेत है कि तुम में चाहे कितनी ही वक्रता हो, मैं तुम्हें स्वीकार कर लूंगा। सब कुछ स्वीकार कर लेना बहुत बड़ी बात होती है। कोई कैसा भी हो, उसे स्वीकार कर लिया जाए। हम स्वीकार करने के बजाय दूसरों को सुधारने में लग जाते हैं और यह काम कभी हो नहीं पाता। इससे अकारण ही संघर्ष पैदा होता है। शिव सहज भी हैं और सबको स्वीकार भी करते हैं, साथ ही उनमें संतोष भी है। सावन के इन दिनों में शिव की भक्ति करते हुए हम उनकी तरह संतोषी बनना भी सीखें। मैं हमेशा कहता हूं कि व्यक्ति को कर्मशील होना चाहिए, प्रमादी नहीं। शास्त्रों में प्रमाद को मृत्यु बताया गया है। लेकिन शिवजी की तरह संतुलन रखना भी हमें आना चाहिए। शिव परिवार में वाहन के रूप में मोर भी है, चूहा भी है, बैल भी है और शेर भी है। सांप भी शिव के साथ रहते हैं। ये सब एक-दूसरे के शत्रु हैं, लेकिन परिवार में सब मिल-जुल कर रहते हैं। सबके बीच संतुलन बनाकर भगवान महादेव चलते हैं।

## मानवता भीतर के संस्कारों से पनपती है



संकलित
प्रेरणा

टीएन शेषन जब मुख्य चुनाव आयुक्त थे, तो परिवार के साथ छुट्टियां बिताने के लिए मसूरी जा रहे थे। परिवार के साथ उत्तर प्रदेश से निकलते हुऐ रास्ते में उन्होंने देखा कि पेड़ों पर गौरैया के कई सुन्दर घोंसले बने हुए हैं। यह देखते ही उनकी पत्नी ने अपने घर की दीवारों को सजाने के लिए गौरैया के दो घोंसले लेने की इच्छा व्यक्त की तो उनके साथ चल रहे पुलिसकर्मियों ने तुरंत एक छोटे से लड़के को बुलाया, जो वहां मवेशियों को चरा रहा था। उसे पेड़ों से तोड़ कर दो गौरैया के घोंसले लाने के लिए कहा। लडके ने इंकार में सर हिला दिया। शेषन ने इसके लिए लड़के को 10 रुपए देने की पेशकश की। फिर भी लड़के के इनकार करने पर शेषन ने बढ़ा कर 50 रुपए देने की पेशकश की। फिर भी लड़के ने हामी नहीं भरी। पुलिस ने तब लड़के को धमकी दी और उसे बताया कि साहब जज हैं और तुझे जेल में भी डलवा सकते हैं। गंभीर परिणाम भुगतने पढ़ेंगे। लड़का तब श्रीमती और शेषन के पास गया और कहा- साहब, मैं ऐसा नहीं कर सकता। उन घोंसलों में गौरैया के छोटे बच्चे हैं अगर मैं आपको दो घोंसले दूं, तो जो गौरैया अपने बच्चों के लिए भोजन की तलाश में बाहर गई हुई है, जब वह वापस आएगी और बच्चों को नहीं देखेगी तो बहुत दुःखी होगी जिसका पाप मैं नहीं ले सकता। यह सुनकर टीएन शेषन दंग रह गए। शेषन ने अपनी आत्मकथा में लिखा हैः मेरी स्थिति, शक्ति और आईएएस की डिग्री सिर्फ उस छोटे, अनपढ़, मवेशी चराने वाले लड़के द्वारा बोले गए शब्दों के सामने पिघल गई।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### सरकारी इमारतें नेताओं के नाम पर क्यों

हमारा देश दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। यहां आमजन द्वारा चुने हुए नेता ही सत्ता पर विराजमान होते हैं। इस कारण इनका परम कर्त्तव्य है कि वो आमजन के लिए ज्यादा से ज्यादा काम करें। लेकिन नेताओं के नाम से सरकारी इमारतें नहीं होनी चाहिए, क्योंकि इस मुद्दे पर विधानसभा सत्र में बेवजह का हो हल्ला होगा, जिससे कीमती समय भी बर्बाद होगा। इसलिए सरकारी इमारतों का नाम उन शहीदों के नाम से होना चाहिए जिन्होंने देश की सुरक्षा की खातिर अपनी जान न्यौछावर कर दी है। प्रदेश के बहुत से युवाओं ने सेना में भर्ती होकर देश की रक्षा की खातिर अपनी कुर्बानी दी है, कारगिल में भी प्रदेश के जवानों ने भी पाकिस्तान को करारी मात देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। *– किशोर कुमार, रायपुर*

## करंट अफेयर

### भारत ने चक्रवात से उबरने श्रीलंका में सहायता पहुंचाई



भारत चक्रवात 'दित्वा' से हुए विनाश के बाद उबरने में श्रीलंका की मदद करने के लिए उसे मानवीय और बुनियादी ढांचा संबंधी सहायता लगातार मुहैया करा रहा है। ऑपरेशन सागर बंधु के तहत भारत ने प्रभावित समुदायों की मदद करने और क्षतिग्रस्त संपर्क सुविधा को फिर से बहाल करने के लिए इंजीनियरिंग एवं चिकित्सकीय दलों को तैनात किया है। एक विज्ञप्ति में कहा गया है, श्रीलंका को भारत की निरंतर सहायता के तहत, कोलंबो में स्थित भारतीय उच्चायोग, कैंडी में स्थित सहायक उच्चायोग और जाफना में स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने चक्रवात दित्वा से प्रभावित परिवारों के लिए देश के विभिन्न हिस्सों में मानवीय सहायता अभियान चलाया। 18 दिसंबर को भारतीय उच्चायुक्त संतोष झा ने कोलोनावा में 'ऑल सीलोन सूफी स्पिरिचुअल एसोसिएशन' के साथ समन्वय में प्रभावित परिवारों के बीच राहत किट वितरित कीं और कोलंबो के इस्कॉन मंदिर में भक्तिवेदांत चिल्ड्रन होम 'गोकुलम' के बच्चों को सहायता भी पहुंचाई। विज्ञप्ति में कहा गया है, 'इस महीने की शुरुआत में, उच्चायुक्त ने दृष्टिबाधित लोगों के गांव नयनलोकगामा के निवासियों और गंपाहा जिले के नेगोम्बो में प्रभावित परिवारों के बीच भी सहायता वितरित की।'

## ऑफ बीट

### खुद सब्जियां उगाने वाले कम भोजन करते हैं बर्बाद



जीवन यापन के बढ़ते खर्च से लोगों, विशेष रूप से कम आय वाले (जिनका आहार अक्सर समुचित नहीं होता है), के लिए स्वस्थ आहार का खर्च उठा पाना कठिन होता जा रहा है। इसके बावजूद, ब्रिटेन में घरों में हर साल आश्चर्यजनक मात्रा में भोजन बर्बाद होता है। इसमें लगभग 68 किलोग्राम फल और सब्जियां भी शामिल है। खाने की बर्बादी न केवल आपकी जेब पर भारी पड़ती है, बल्कि यह पर्यावरण के लिए भी हानिकारक है। वैश्विक स्तर पर, हर साल 1.3 अरब टन भोजन बर्बाद हो जाता है, जिससे दुनिया के ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का लगभग आठ प्रतिशत उत्पन्न होता है। ये उत्सर्जन खाद्य आपूर्ति श्रृंखला के सभी चरणों में अप्रयुक्त भोजन से उत्पन्न होता है। हमारे हालिया अध्ययन से हालांकि पता चला है कि जो लोग बगीचों और आवंटित जमीनों में फसल और सब्जियां स्वयं उगाते हैं, वे औसतन केवल 3 .4 किलोग्राम फल और सब्जियां बर्बाद करते हैं – जो ब्रिटेन के औसत से 95 प्रतिशत कम है। इन परिवारों ने भोजन की बर्बादी को कम करने के लिए विभिन्न प्रथाओं को अपनाया, जिसमें अपनी अतिरिक्त उपज को संरक्षित करना या किसी अन्य को दे देना भी शामिल है। हाल के वर्षों में ब्रिटेन और अन्य जगहों पर बगीचों, सामुदायिक उद्यानों और आवंटित भूमि पर ताजा फसल एवं सब्जियां उगाने में दिलचस्पी फिर से बढ़ी है।

## ट्रेंड

### असम के संसाधन



कांग्रेस की सरकारों ने असम और पूर्वोत्तर को विकास से दूर रखने का जो पाप किया था, उसका बड़ा खामियाजा देश की सुरक्षा को उठाना पड़ा। बीते 11 वर्षों में हमारे प्रयासों से यह सुनिश्चित हुआ है कि असम के संसाधन वहां के लोगों के ही काम आएं।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### नए रोज़गार और अवसर




मज़बूत नीतियों और दूरदर्शी निर्णयों के कारण भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। टेक्सटाइल, हस्तशिल्प, गिग इकॉनमी और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों में हो रही प्रगति से युवाओं, महिलाओं, कारीगरों और एमएसएमई के लिए नए रोज़गार और अवसर सृजित हो रहे हैं।
**-अन्नपूर्णा देवी, महिला विकास मंत्री**

### गुणवत्तापूर्ण शिक्षा



शिक्षा शेरनी का दूध है, जो पिएगा वही दहाड़ेगा। शिक्षक समाज के कर्णधार होते हैं। सरकार शिक्षकों के सम्मान, सशक्तीकरण और सहयोग एवं विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।
**-भजनलाल शर्मा, सीएम, राजस्थान**

### सुरक्षा व बचाव के उपाय



असम में राजधानी एक्सप्रेस की दुर्घटना में 7 हाथियों की मौत दुर्भाग्यपूर्ण है। पशुओं का जीवन-चक्र में अलग महत्व होता है। सरकार को ऐसे संवेदनशील क्षेत्रों में जानवरों की सुरक्षा व बचाव के उपाय करने चाहिए।
**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

रायपुर
सोमवार, 22 दिसंबर 2025
पौष शुक्ल पक्ष तृतीया
वर्ष : 24, अंक : 153
पृष्ठ : 14+4+4 =22 मूल्य : 5 .00**

मौसम
अधि. 26.5
न्यून. 11.8

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com


नकली दवा मामले का संदेही भी
सारंगढ़ के कारोबारी के घर अवैध गोदाम, 50 लाख की दवाइयां बरामद
हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर
गोगांव के ट्रांसपोर्ट में मिली नकली दवा के मामले में सारंगढ़ तक पहुंची औषधि निरीक्षकों की टीम ने सरस्वती मेडिकल स्टोर्स के संचालक के घर छापेमारी कर करीब पचास लाख की दवाएं बरामद की हैं। कारोबारी ने घर को दवा का अवैध गोदाम बना रखा था। ज्यादातर दवा पेनकिलर, कफ सिरप, सर्दी-जुकाम की होने के साथ जेनेरिक है। दवा कारोबारी नकली दवा के मामले में संदेही भी है।
शनिवार को रायपुर के साथ रायगढ़ के खाद्य निरीक्षकों की टीम ने सारंगढ़ के दवा कारोबारी ...
इंदौर तक जाएगी टीम

## नकली दवा के पुराने कारोबारी का कर्मचारी

नकली दवा के मामले में भाटापारा के जिस कारोबारी के जांच के दायरे में लाया गया है, वह पांच साल पहले 20 लाख की नकली एंटीबायोटिक दवा के साथ पकड़े गए दवा व्यापारियों की एजेंसी का कर्मचारी था। उस दौरान मामला सामने आने के बाद एजेंसी बंद हो गई थी। इस बार पकड़े गए मामले में पुराने कर्मचारी की संलिप्तता का मामला बड़ा गंभीर होता जा रहा है। सवाल यह भी खड़ा हो रहा है कि उस दौरान पकड़े गए मामले के ठंडा होने के बाद पुनः नकली दवा के कारोबार की शुरुआत तो नहीं हो चुकी है।

# नकली दवाओं का कनेक्शन भाटापारा तक, पहले भी आ चुकी खेप, तीन और दवाओं पर शक

सौ रुपए से कम लागत में बनने वाली नकली एंटीबायोटिक दवा को 295 रुपए की एमआरपी पर ग्राहकों को खपाए जाने की साजिश थी। नकली दवा के कारोबार का लिंक सारंगढ़ के बाद भाटापारा से जुड़ गया है। इस बात की आशंका भी पुष्ट होती जा रही है कि इस दवा का गोरखधंधा पहले भी पूरा हो चुका है। सारंगढ़ के कारोबारी के पास रिटेल का लायसेंस है मगर दवा का घर में गोदाम रखना अवैध था। वहां मिली दो और दवाओं को जांच के घेरे में लिया गया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि लगातार

गोगांव के ट्रांसपोर्ट में लावारिस हालत में मिली एंटीबायोटिक की नकली दवा का खेल धीरे-धीरे बढ़ा होता जा रहा है। जांच टीम के दायरे में सारंगढ़ के बाद भाटापारा का दवा व्यापारी भी आ गया है। प्रारंभिक पूछताछ में बात सामने आई है कि भाटापारा के एजेंसी संचालक की सारंगढ़ दवा भेजने में भूमिका है। मामला इसलिए भी गंभीर होता जा रहा है कि दवा की सप्लाई पहले भी राज्य में किए जाने की आशंका बढ़ती जा रही है। गोगांव के ट्रांसपोर्ट में बरामद की गई दवा की एमआरपी 295 रुपए है, मगर इसके निर्माण और उसे रिटेलर तक पहुंचाने की लागत सौ रुपए के लगभग है। जांच टीम ▶▶|शेष पेज 5 पर

## सारंगढ़ के कारोबारी के पास रिटेल का लायसेंस दवा का जखीरा रखना नियम के विपरीत






### पुष्टि का प्रयास

दवा कारोबारी से पूछताछ के बाद मिली जानकारी के आधार पर लिंक जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। भाटापारा के दवा कारोबारी के ठिकानों से भी सैंपल लिए गए हैं।
**- संजय नेताम**, जिला सहायक

### बैक्टीरिया पर असरहीन

सूत्रों के अनुसार बरामद की गई नकली दवाओं में जिस मॉलीक्यूल मिलाने का जिक्र है, उसकी तनिक भी मात्रा नहीं है। यानी सीधे-सीधे शब्दों में यह सफेद पावडर है। चिकित्सकीय की सलाह पर इस दवा का उपयोग अगर मरीज करता है तो उसका कोई फायदा नहीं मिलेगा। सफेद पावडर होने की वजह से यह बीमारी से संबंधित बैक्टीरिया को मारने में कारगर नहीं है। इसलिए बीमार मरीज को इलाज के दौरान इसका कोई बड़ा लाभ नहीं मिल पाता।

---

## अमेरिकी डेटा कंपनी की रिपोर्ट में खुलासा, ज्यादातर मेहमान अमेरिकी


# एपस्टीन से जुड़ी 16 फाइलें वेबसाइट से गायब, कोई भारतीय नहीं गया आइलैंड

**अमेरिका के डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस ने शुक्रवार रात जेफ्री एपस्टीन सेक्स स्कैंडल से जुड़े तीन लाख दस्तावेज जारी किए। फाइलों को जारी किए जाने के बाद एक नया विवाद खड़ा हो गया है। डेमोक्रेटिक पार्टी ने ट्रंप प्रशासन के अधीन न्याय विभाग पर जारी की गई एपस्टीन फाइलों से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की एक तस्वीर हटाने का आरोप लगाया है। वहीं, समाचार एजेंसी अपनी रिपोर्ट में बताया है कि कम से कम 16 फाइलें जारी किए जाने के बाद न्याय विभाग के वेबपेज से गायब हो गईं। अब तक हुए खुलासों में किसी भारतीय के एपस्टीन आइलैंड जाने का संकेत नहीं मिला है।**

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क


हरिभूमि फॉलोअप

यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े दस्तावेजों को सार्वजनिक करने के लिए अमेरिकी न्याय मंत्रालय द्वारा बनाए गए वेबपेज से कम से कम 16 फाइल गायब हैं। इन फाइल में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की एक तस्वीर भी शामिल है। ये फाइल एक दिन पहले ही साझा की गई थीं लेकिन अब वे वेबपेज पर उपलब्ध नहीं हैं। इस संबंध में न तो सरकार की ओर से कोई स्पष्टीकरण दिया गया है और न ही आम जनता को कोई सूचना दी गई है। अमेरिकी न्यूज वेबसाइट 'वायर्ड' की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी रक्षा मंत्रालय से जुड़ी डेटा ट्रैकिंग कंपनी 'नियर इंटेलिजेंस' ने 2016 से 2019 तक का डेटा जुटाया है। इसमें एपस्टीन के लिटिल सैंट जेम्स आइलैंड जाने वाले 200 लोगों के मोबाइल फोन का डेटा ट्रैक किया गया। ट्रैकर का डेटा बताता है कि इन 4 साल में एक भी भारतीय ▶▶|शेष पेज 5 पर


यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन अपनी सहयोगी के साथ एक पार्टी में

एपस्टीन के ठिकाने पर भारतीयों के जाने का सबूत नहीं

एपस्टीन के ज्यादातर मेहमान अमेरिकी



### ट्रंप के नाम की भी थी चर्चा

रिपोर्ट में ट्रंप टावर के पास की लोकेशन भी मिली है, जबकि ट्रंप की ओर से ये दावा किया गया था कि वे 2008 में जेफ्री पर मुकदमा दर्ज होने के बाद उससे नहीं मिले। एपस्टीन आइलैंड पर अमेरिका के अलावा ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटिश केमैन आइलैंड और यूक्रेन की राजधानी कीव से भी विजिटर आते थे। एपस्टीन के मेहमान आइलैंड से लौटने के बाद, मार्था वाइनयार्ड, मियामी नाइटक्लब जैसी जगहों पर गए, जिनकी गिनती अमेरिका के महंगे क्लबों में होती है। इससे मेहमानों के अमीर होने की बात की बात कही जा रही है।

### भारत पर क्या कहती है रिपोर्ट?

भारतीय डेटा प्रोटेक्शन कानून इतने सख्त नहीं हैं। नियर इंटेलिजेंस ने दावा किया था कि उसके पास 44 देशों के 16 करोड़ लोगों का डेटा है, जिनमें बेंगलुरु जैसे शहरों के यूजर्स का डेटा भी शामिल है। यानी एनआई अपने सर्वर की मदद से भारत के किसी भी शहर के यूजर्स का डेटा हासिल कर सकता है। हालांकि एनआई के डेटा के मुताबिक, भारत समेत किसी भी एशियाई देश का कोई व्यक्ति 2016 से 2019 के बीच एपस्टीन आइलैंड नहीं गया।

### 2008 के बाद मेहमानों की आवाजाही कम

2008 में एपस्टीन पर यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज होने के बाद भी उसके आइलैंड पर मेहमानों की आवाजाही कम नहीं हुई। आइलैंड पर आने वाले ज्यादातर मेहमान अमेरिकी मूल के थे, जो फ्लोरिडा, मैसाचुसेट्स, टैक्सास, मिशिगन और न्यूयॉर्क जैसे राज्यों से आते थे। मेहमान आइलैंड पर अपना ज्यादातर समय दो जगहों पर बिताते थे। पहला- एपस्टीन के मुख्य मेंशन पर, दूसरा- हिलटॉप पर बनी 'टेंपल साइट' पर। ये वही टेंपल साइट है, जहां एपस्टीन पर नाबालिग लड़कियों का यौन उत्पीड़न करने के आरोप लगते आए हैं।

### भारतीयों के नाम की थीं चर्चाएं

रिलीज से पहले एपस्टीन फाइल्स में कई भारतीयों के नाम आने की भी चर्चाएं थीं। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुब्रमण्यम स्वामी और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण ने भी कहा था कि एपस्टीन फाइल्स में कई भारतीय दिग्गजों के नाम सामने आएंगे, लेकिन अब तक हुए खुलासों में किसी भारतीय के एपस्टीन आइलैंड जाने या एपस्टीन से मिलने का संकेत नहीं मिला है।

---

पहली बार बदली गई मार्किंग स्कीम, बोर्ड कक्षाओं को छोड़कर होम बोर्ड एग्जाम में लागू, प्रदेशभर के शासकीय विद्यालयों में मौजूदा शैक्षणिक सत्र से नई व्यवस्था

# मुख्य परिणाम में जुड़ेंगे तिमाही और छमाही के 20-20% अंक, वार्षिक परीक्षाओं का अंश होगा केवल 60%

रुचि वर्मा ▶▶| रायपुर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

प्रदेशभर के शासकीय विद्यालयों में परीक्षा प्रणाणी में बड़ा बदलाव किया गया है। यह बदलाव मौजूदा शैक्षणिक सत्र अर्थात 2025-26 से ही लागू होगा। इसके अनुसार, अब अंतिम परीक्षा परिणाम वार्षिक परीक्षाओं के साथ-साथ तिमाही-छमाही के नतीजों को मिलाकर तैयार किया जाएगा। सामान्य शब्दों में अंतिम परीक्षा परिणाम में तिमाही और छमाही के अंक भी जुड़ेंगे। विभिन्न कक्षाओं में तिमाही-छमाही और वार्षिक परीक्षाओं का अधिभार अर्थात जोड़े जाने वाले अंकों का अंश भिन्न-भिन्न होगा। ये नियम बोर्ड कक्षाओं अर्थात 10वीं-12वीं सहित 5वीं-8वीं में भी लागू नहीं होंगे। केवल होमबोर्ड कक्षाओं अर्थात स्कूली स्तर पर होने वाली परीक्षाओं के लिए ही इसे लागू किया गया है। इस संदर्भ में आदेश जारी किया जा चुका है। अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, नई व्यवस्था इसलिए की गई है ताकि शाला प्रबंधन के साथ छात्र भी इसे गंभीरता से लें। मॉनिटरिंग नहीं होने की स्थिति में शासकीय विद्यालयों में तिमाही-छमाही परीक्षाओं को खानापूर्ति के तौर पर ही लिया जाता है। छात्र भी इसे अधिक गंभीरता से नहीं लेते। इस कारण वार्षिक ▶▶|शेष पेज 5 पर



### जानिए... कौन सी कक्षा में कितने अंक

- पहली से चौथी कक्षा + छठवीं व सातवीं-तिमाही के 20%, अर्द्धवार्षिक के 20%, वार्षिक के 60% अंक
- नवमी व ग्यारहवीं कक्षा- तिमाही के अंक नहीं जुड़ेंगे, अर्द्धवार्षिक के 30% अंक व वार्षिक के 70% अंक
- नोट- 5वीं-8वीं तथा 10वीं-12वीं पूर्व की भांति बोर्ड परीक्षा के अंतर्गत ही आएगी, इसलिए इन कक्षाओं के अंतिम परिणाम तिमाही-छमाही के अंक नहीं जोड़े जाएंगे।

**इसे ऐसे समझें:** मान लीजिए, तिमाही-छमाही और वार्षिक परीक्षा तीनों ही 100-100 अंकों की हुई। तिमाही परीक्षा में छात्र को 100 में से 80 अंक मिले। चूंकि अंतिम परिणाम में तिमाही परीक्षा के 20 प्रतिशत अंक जोड़े जाएंगे, ऐसे में इसका अधिभार या वेटेज निकाला जाएगा। अर्थात यदि तिमाही परीक्षा 100 की जगह 20 प्रतिशत अंकों की होती तो 80 अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को कितने अंक मिलेंगे, यह निकाला जाएगा। यही अंक अंतिम परिणाम में जुड़ेंगे। इसी फॉर्मूले से छमाही का भी वेटेज निकाला जाएगा और वार्षिक परीक्षाओं का भी। अंत में सभी का अधिभार जोड़कर अंतिम परिणाम तैयार होगा।

---

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### कोहरे के कारण 110 उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली।** दिल्ली हवाई अड्डे पर रविवार को कोहरे के कारण कम दृश्यता के कारण कुल 110 उड़ानें रद्द कर दी गईं और 370 से अधिक उड़ानों में विलंब हुआ। हवाई अड्डे पर 59 आगमन और 51 प्रस्थान उड़ानें रद्द कर दी गईं। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट 'फ्लाइटरडार24 डॉट कॉम' पर उपलब्ध नवीनतम जानकारी के अनुसार, 370 से अधिक उड़ानों में विलंब हुआ।

कडेनार कैंप के पास की घटना

## ऑपरेशन से लौटते समय गलती से चली गोली, जवान शहीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नारायणपुर जिले में एरिया डोमिनेशन ऑपरेशन से लौटते समय गलती से हुई फायरिंग की घटना में डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड का एक जवान मारा गया। यह घटना छोटे डोंगर पुलिस स्टेशन इलाके के कडेनार कैंप में हुई। बस्तर रेंज के आईजी सुंदरराज पी. ने बताया कि नारायणपुर डीआरजी में तैनात आरक्षक बलदेव सिंह हुर्रा गलती से हुई फायरिंग की चपेट में आ गए। सिर के पास गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके साथी सैनिक उसे तुरंत धौड़ाई अस्पताल ले गए, जहां उसका शुरूआती इलाज हुआ। हालांकि इलाज के दौरान ज्यादा खून बहने से उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सीनियर अधिकारी मौके पर पहुंचे। घपुलिस ने इस बात की पुष्टि नहीं की कि जिस हथियार से जवान को गोली लगी थी, वह उसका था या उसके किसी मित्र का।



नड्डा की आज जांजगीर में सभा

## सरकार की दो साल की उपलब्धियों को जनता के सामने रखा जाएगा

मुख्यमंत्री साय सहित पूरा मंत्रिमंडल होगा शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर





प्रदेश की भाजपा सरकार के दो साल पूरे होने पर प्रदेश सरकार ने जांजगीर-चांपा में बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया है। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सोमवार को 12.15 बजे रायपुर पहुंचेंगे। यहां से हेलीकॉप्टर से जांजगीर जाएंगे और वहां पर कार्यक्रम के बाद रायपुर वापस आकर यहां से मप्र जाएंगे। कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, ▶▶|शेष पेज 5 पर

### कार्यक्रम में ये रहेंगे

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जहां जेपी नड्डा होंगे, वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। अति विशेष अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा होंगे। विशेष अतिथि प्रदेश के मंत्री रामविचार नेताम, दयालदास बघेल, केदार कश्यप, ओपी चौधरी, टंकराम वर्मा, लखनलाल देवांगन, श्याम बिहारी जायसवाल, लक्ष्मी राजवाड़े, राजेश अग्रवाल, गजेंद्र यादव, गुरु खुशवंत साहेब, सांसद कमलेश जांगड़े, विधायक व्यास कश्यप होंगे।

---

बस्तर संभाग में सीमित सिंचाई संसाधन से हाल-बेहाल

# जर्जर एनीकेट ने बढ़ाया बस्तर के किसानों का संकट

अनिल सामंत ▶▶| जगदलपुर

हरिभूमि सरोकार

बस्तर संभाग में सीमित सिंचाई संसाधन पहले से ही कृषि व्यवस्था के लिए बड़ी चुनौती बने हुए हैं। समूचे बस्तर में मात्र 8 से 10 प्रतिशत कृषि रकबा ही सिंचित हो पाता है। ऐसे में एनीकेटों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है, लेकिन जर्जर हो चुके एनीकेटों की मरम्मत और सुधार की ओर शासन-प्रशासन का ध्यान न जाना गंभीर लापरवाही को उजागर करता है। हालात यह हैं कि किसानों को बार-बार चेताने और मांगपत्र देने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे इस वर्ष भी संकट के संकेत स्पष्ट नजर आने लगे हैं। ▶▶|शेष पेज 5 पर

## सिर्फ 10 फीसदी सिंचित रकबा, सिंचाई की रीढ़ तोड़ती एनीकेट व्यवस्था, लापरवाही हो रही उजागर



### एनीकेट का फाटक नहीं लगा तो होगा उग्र आंदोलन

पूरे घटनाक्रम पर इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति के जिलाध्यक्ष किसान संगठन लखेश्वर कश्यप ने कहा कि प्रशासनिक लापरवाही के चलते किसानों को मजबूरन श्रमदान करना पड़ा है। यदि चोरी हुए एनीकेट फाटक नहीं लगाए गए तो व्यापक आंदोलन होगा।

### किसानों का टूट रहा भरोसा

पिछले वर्ष एनीकेटों की अनदेखी से सिंचाई संकट गहराया था। सैकड़ों एकड़ फसल नष्ट हुई, समय पर गेट बंद नहीं हुए। इस वर्ष भी मांगपत्र और मौखिक सूचना के बावजूद मरम्मत नहीं हुई। मजबूरन किसानों ने चंदा कर बोरी बंधन किया और चेतावनी दी कि यदि स्थायी समाधान नहीं हुआ, तो हजारों किसान सड़क पर उतरेंगे, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

### पिछले अनुभव से सबक, भविष्य की चिंता

गत वर्ष भी इसी तरह की लापरवाही के चलते समय पर एनीकेटों के गेट बंद नहीं किए जा सके थे,जिससे सैकड़ों एकड़ खड़ी फसल बर्बाद हो गई थी। उसी अनुभव से सबक लेते हुए किसानों ने इस बार रबी सीजन से पहले खुद पहल की,ताकि आगे चलकर पानी की किल्लत न हो। यदि समय रहते स्थायी सुधार नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में यह समस्या बड़े आंदोलन का रूप ले सकती है।

सच्चा है,
सेहत के लिए अच्छा है
बैद्यनाथ च्यवनप्राश स्पेशल


सम्पूर्ण परिवार के लिए आयुर कवच
पॉवर ऑफ़ 3
बेहतर इम्यूनिटी | ज्यादा एनर्जी | शक्ति व स्फूर्ती
च्यवन-फीट शुगरफ्री भी उपलब्ध
बैद्यनाथ च्यवनप्राश शुद्ध घी में बनाया जाता है
सभी मेडिकल स्टोर्स एवं आयुर्वेदिक औषधालय में उपलब्ध। 844 844 4935

## गुना में पेड़ से टकराई कार, युवक और डांसर की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

धरनावदा थाना क्षेत्र अंतर्गत शनिवार-रविवार की दरमियानी रात करीब 2 बजे एक सड़क हादसे में युवक और महिला डांसर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा ग्राम भुलाए के पास एक अंधा मोड़ पर उस समय हुआ, जब एक कार्यक्रम से लौट रही कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। कार में 9 लोग सवार थे। हादसे में लाल सिंह लोधा और डांसर माया बाई बिजोरी (40) निवासी बिरियाई को मृत घोषित कर दिया। हादसे में अरविंद लोधा, नरेंद्र, मोहन सहरिया, रूप सिंह, फूल सिंह और 16 वर्षीय किशोरी चंचल बाई कंजर गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

**दतिया में कंटेनर में भिड़ी कार और बाइक :** दतिया में ग्वालियर–झांसी नेशनल हाईवे पर कोहरे और तेज रफ्तार के कारण एक कार और बाइक कंटेनर से टकरा गईं। शनिवार रात करीब डेढ़ बजे हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

### अब और ज्यादा पॉवरफुल हो जाएगा आईएएफ का जेट

# फाइटर जेट मिराज-2000 होगा अपग्रेड, अब 160 किमी दूर तक के लक्ष्य को भेदना होगा आसान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना मिराज 2000 लड़ाकू विमानों की अपग्रेडेड फ्लीट में स्वदेशी अस्त्र एमके 1 बियॉन्ड विजुअल रेंज एयर टू एयर मिसाइल को शामिल करने पर गंभीरता से विचार कर रहा है। यह फैसला विदेशी अगली पीढ़ी की मिसाइलों के आने तक वायुसेना की क्षमतागत कमी को पाटने में अहम भूमिका निभा सकता है। वर्तमान में भारतीय वायुसेना के मिराज 2000 विमान एमआईसीए आईआर और एमआईसीए आरएफ मिसाइलों पर निर्भर हैं, जिनकी प्रभावी मारक दूरी लगभग 80 किलोमीटर बताई जाती है। रक्षा सूत्रों के अनुसार, यह रेंज अब क्षेत्रीय प्रतिद्वंद्वियों के पास मौजूद लंबी दूरी की मिसाइल प्रणालियों की तुलना में कम मानी जा रही है, जिससे वायु युद्ध क्षमता पर असर पड़ सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, यूरोपीय रक्षा कंपनी एमबीडीए अगली पीढ़ी की एमआईसीए एनजी न्यू जेनरेशन मिसाइल पर काम कर रही है, जिसकी अनुमानित रेंज 150 से 160 किलोमीटर तक होगी।

अपनी स्वदेशी एस्ट्रा एमके1 मिसाइल न केवल सस्ती है बल्कि ताकतवर है | चुनौतीपूर्ण हवाई युद्ध में बेहतर भूमिका निभाएगा मिराज



फाइटर जेट का फाइल फोटो

### आरडीवाय 2 रडार से लैस हैं अपग्रेडेड मिराज 2000

भारतीय वायुसेना के अपग्रेडेड मिराज 2000 विमानों में आरडीवाय 2 ऑल वेदर सिंथेटिक अपर्चर रडार लगाया गया है। यह रडार 5 वर्ग मीटर रडार क्रॉस सेक्शन वाले फाइटर टारगेट को 120 से 140 किलोमीटर की दूरी से ट्रैक करने में सक्षम है। पहले के मिराज वेरिएंट में था, लेकिन आरडीवाय 2 अब मल्टी मोड और बीवीआर युद्ध के लिए कहीं अधिक सक्षम माना जा रहा है। यदि एस्ट्रा एमके 1 को मिराज 2000 में शामिल करने की मंजूरी मिलती है, तो इसके लिए तकनीकी सहयोग आवश्यक होगा। इससे आरवायडी 2 रडार और एस्ट्रा मिसाइल के बीच सटीक डेटा लिंक स्थापित किया जा सकेगा, ताकि मिसाइल की फायर एंड फॉरगेट क्षमता और गाइडेंस पूरी तरह प्रभावी रहे। एस्ट्रा एमके 1 पहले ही सुखोई 30 एमकेआई और तेजस लड़ाकू विमानों पर सफलतापूर्वक ऑपरेशनल हो चुकी है।

### स्वदेशी विकल्प से जल्द मिलेगा लाभ

मिका एनजी के पूरी तरह तैयार होने में जहां 2030 के शुरुआती वर्षों तक का इंतजार हो सकता है, वहीं एस्ट्रा एमके 1 एक समयबद्ध, किफायती और स्वदेशी अंतरिम समाधान के रूप में सामने आ रही है। आरडीवाय 2 रडार की मजबूत डिटेक्शन क्षमता के साथ एस्ट्रा एमके 1 की तैनाती मिराज 2000 बेड़े की मारक दूरी और घातक क्षमता को जल्दी बढ़ा सकती है।

### आत्मनिर्भर भारत को मिलेगा बड़ा बढ़ावा

*एस्ट्रा एमके 1 को मिराज 2000 में शामिल करने का फैसला आत्मनिर्भर भारत पहल को मजबूती देगा। इससे न केवल स्वदेशी मिसाइल प्रणाली का व्यापक उपयोग होगा, बल्कि विदेशी अपग्रेड्स पर निर्भरता भी कम होगी। साथ ही, यह मिराज 2000 विमानों को भविष्य के चुनौतीपूर्ण हवाई युद्ध परिदृश्यों में प्रासंगिक बनाए रखने में मदद करेगा।*

### स्वदेशी अस्त्र मिसाइल की जरूरत

मिराज-2000 को अपग्रेड करने के पीछे कई बड़े रणनीतिक कारण हैं। मिराज की मौजूदा मीका मिसाइलें दुश्मन को 80 किमी तक ही मार सकती हैं। इसके मुकाबले चीन और पाकिस्तान के पास ऐसी मिसाइलें हैं जो इससे कहीं ज्यादा दूर तक वार करती हैं। नई फ्रांसीसी मिसाइल के आने में अभी बहुत समय है। भारत इतना लंबा इंतजार नहीं कर सकता, क्योंकि सरहद पर चुनौतियां हर दिन बदल रही हैं। विदेशी मिसाइलें बहुत महंगी होती हैं।

## खनन के मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश से मची हलचल, इस पर सियासत भी गरमाने लगी

अरावली की पहाड़ियां फिर चर्चा में

अरावली के पर्वत दुनिया में सबसे प्राचीन पर्वत शृंखलाओं में शामिल



अरावली की पहाड़ी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अरावली के पर्वत दुनिया में सबसे प्राचीन पर्वत शृंखलाओं में से एक हैं। इनसे जुड़ा एक ताजा मामला सोशल मीडिया पर अभियान का रूप ले रहा है।इन पर्वतों के पास खनन की घटनाओं को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका लंबित है। इस पर केंद्र ने सर्वोच्च न्यायालय में एक जवाब दाखिल किया। इसके बाद से कुछ ऐसे घटनाक्रम हुए हैं, जिन्हें लेकर यह शृंखला चर्चा के केंद्र में आ गई। अरावली के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर 'सेव अरावली कैंपेन' अभियान तक चल पड़ा है। इस मामले में सियासत भी होने लगी है। पृथ्वी पर अरावली पर्वत शृंखला दुनिया की सबसे पुरानी पर्वत शृंखला है। यह करीब दो अरब साल पुरानी है। यह हिंद-गंगीय मैदानी इलाकों को रेगिस्तानी रेत से बचाने के लिए एक अहम पारिस्थितिकी बैरियर की तरह काम करता है।



### अरावली बचेगी तो ही दिल्ली-एनसीआर भी बचेगा



सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दिल्लीवासियों को अरावली पहाड़ियों को बचाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि अरावली को बचाना कोई विकल्प नहीं बल्कि संकल्प होना चाहिए। एक्स पर एक लंबे संदेश में उन्होंने कहा कि बची रहे जो 'अरावली' तो दिल्ली रहे हरीभरी! उन्होंने कहा कि अरावली को बचाना कोई विकल्प नहीं है बल्कि ये तो संकल्प होना चाहिए। अरावली बचेगी तो ही एनसीआर बचेगा। अरावली को बचाना अपरिहार्य है क्योंकि यह दिल्ली और एनसीआर के लिए एक प्राकृतिक सुरक्षा कवच है या कहें कुदरती ढाल है।

# रिश्वतखोर ले.कर्नल दीपक ने दो साथियों के साथ रची थी साजिश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तीन लाख रुपये रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किये गये रक्षा मंत्रालय के लेफ्टिनेंट कर्नल दीपक कुमार शर्मा ने एक दुबई स्थित लॉ जि स्टि क स कंपनी के एक खेप को संयुक्त अरब अमीरात भेजने के वास्ते विदेश मंत्रालय से मंजूरी दिलवाने के लिए उस कंपनी के दो कर्मियों के साथ आपराधिक साजिश रची थी। सीबीआई ने अपनी प्राथमिकी में यह जानकारी दी है। सीबीआई के अनुसार शर्मा के परिसर की तलाशी समाप्त होने के बाद रविवार को दस्तावेजों का विवरण सार्वजनिक किया गया। गिरफ्तार किए गए दो आरोपियों (शर्मा और विनोद कुमार) को यहां एक विशेष न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जिसने उन्हें 23 दिसंबर तक सीबीआई की हिरासत में भेज दिया।



### तलाशी में घर से मिले 2.36 करोड़ नगद

*तलाशी में शर्मा के परिसर से 2.36 करोड़ रुपये से अधिक नकद भी बरामद किया गया। प्राथमिकी में कहा गया है कि शर्मा रक्षा मंत्रालय के संवेदनशील रक्षा उत्पादन विभाग में अंतरराष्ट्रीय सहयोग और निर्यात के उपनियोजन अधिकारी के पद पर तैनात थे। सीबीआई ने रिश्वत मामले के सिलसिले में शर्मा के कार्यालय की तलाशी भी ली थी।*

**दोनों व्यक्ति कर्नल व उनकी पत्नी के संपर्क में थे :** सीबीआई के मुताबिक दो व्यक्ति नियमित रूप से शर्मा के संपर्क में थे, जिनकी पत्नी कर्नल काजल बाली राजस्थान के श्री गंगानगर में 16वें इन्फैंट्री डिवीजन आयुध इकाई की कमांडिंग अधिकारी हैं और इस मामले में सह-आरोपी हैं। पहला व्यक्ति राजीव यादव है जिसकी सार्वजनिक प्रोफ़ाइल के अनुसार वह कंपनी में निदेशक है। दूसरा व्यक्ति रवजीत सिंह है जो कंपनी के भारत संचालन की देखभाल कर रहा है। दोनों बेंगलुरु में रहते हैं।

### यात्री से मारपीट का मामला

## एआई एक्सप्रेस का पायलट सस्पेंड और कारण बताओ नोटिस भी जारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यहां के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। एअर इंडिया एक्सप्रेस के एक ऑफ-ड्यूटी पायलट द्वारा यात्री के साथ मारपीट किए जाने के मामले ने नागरिक उड्डयन क्षेत्र को हिला दिया है। अब एआई एक्सप्रेस ने पायलट के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उसे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है और कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

यह घटना शुक्रवार को दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 पर हुई। आरोपी पायलट वीरेंद्र सेजवाल उस समय किसी दूसरी एयरलाइन से यात्री के रूप में यात्रा कर रहा था। इसी दौरान उसका यात्री अंकित दीवान से विवाद हो गया, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। अंकित दीवान ने सोशल मीडिया पर अपनी आपबीती साझा करते हुए चेहरे पर खून के निशान वाली तस्वीर भी पोस्ट की।



एयर इंडिया एक्सप्रेस

## बड़ी चोरी उजागर 89.82 लाख रुपए कर दिए सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालाघाट

छिंदवाड़ा और बालाघाट जीएसटी की संयुक्त टीम ने रजेगांव से बालाघाट के बीच फोरलेन हाईवे का निर्माण कर रही फर्म मेसर्स कालूवाला कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड पर छापेमारी की। इस कार्रवाई के दौरान फर्म के लेन-देन में भारी अनियमितताएं पाई गईं, जिसके बाद दबाव में आए निर्माणकर्ता ने 89 लाख 82 हजार रुपए की राशि विभाग के पास सरेंडर की है। संयुक्त आयुक्त (छिंदवाड़ा) सुनीता वर्मा के मार्गदर्शन और सहायक आयुक्त एकांत राहंगडाले के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई थी।

# बैरिकेड्स तोड़ते हुए भीड़ संसद भवन में घुसी नारेबाजी के साथ जमकर कर दी तोड़फोड़

## बांग्लादेश में बवाल, हादी समर्थकों ने यूनुस सरकार को दिया 24 घंटे का अल्टीमेटम

एजेंसी ▶▶ ढाका


'बांग्लादेश में शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद शुरू हुई हिंसा लगातार जारी है। राजधानी ढाका में बड़े पैमाने पर हिंसक विरोध प्रदर्शन देखने को मिल रहा है।

इस बीच उस्मान हादी को सुपुर्द-ए-खाक किए जाने के बाद भीड़ ने बैरिकेड्स तोड़ दिए और प्रदर्शनकारी संसद भवन में घुस गए। हादी के समर्थकों ने यूनुस सरकार को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। इंकलाब मंच से जुड़े हादी के करीबी सहयोगी अब्दुल्ल अल जबेर ने कहा है कि सरकार को अगले 24 घंटों में सार्वजनिक रूप से स्पष्ट करना होगा कि हादी की हत्या के जिम्मेदार कौन हैं, अब तक क्या जांच हुई है और गिरफ्तारियों के लिए क्या कदम उठाए गए हैं। बांग्लादेश में भड़की हिंसा को लेकर ताजा अपडेट्स जानने के लिए इंडिया टीम की डिजिटल टीम के साथ जुड़े रहें। बांग्लादेश में हिंदू युवक की कट्टरपंथियों द्वारा बर्बर हत्या किए जाने के बाद हिंदुओं का गुस्सा चरम पर है।



### भारत रख रहा है नजर चटगांव में वीजा सेवा बंद

भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि भारत बांग्लादेश में बदलती स्थिति पर करीब से नजर रखे हुए है। हमारे अधिकारी बांग्लादेश के अधिकारियों के संपर्क में हैं और हमने उन्हें अल्पसंख्यकों पर हुए हमलों पर अपनी गहरी चिंता जताई है। हमने यह भी आग्रह किया है कि दास की बर्बर हत्या के दोषियों को न्याय के कटघरे में लाया जाए। शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद ढाका के अलावा चटगांव में भी हिंसा हुई थी। चटगांव में असिस्टेंट हाई कमीशन पर हमला करने की कोशिश कर रही भीड़ को सुरक्षा बलों ने पीछे धकेल दिया था। ऐसे में सुरक्षा कारणों के चलते, वीजा एप्लीकेशन सेंटर चटगांव में भारतीय वीजा सेवाएं अगले आदेश तक बंद रहेंगी।






## खबर संक्षेप

### अनियंत्रित वाहन पोल से टकराया, चालक की मौत

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत ग्राम सुरही मेन रोड में लगे बिजली पोल में टकराने से राजनांदगांव निवासी 31 वर्षीय नितिन साहू का मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना में पाया गया कि आरोपी मृतक नितिन साहू 21 अक्टूबर को दोपहर 2 बजें सुरही मेन रोड में अपने वहान को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए सड़क किनारे लगे पोल को जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर से गंभीर चोट आया, जिसके कारण उसका मौत हो गया।

### घर के पास खेल रही बच्ची को पागल कुत्ते ने काटा

**धमतरी।** घर के पास खेल रही बच्ची पर एक पागल कुत्ते ने हमला कर बुरी तरह से नोंचकर घायल कर दिया। बच्ची को उपचार के लिए हायर सेंटर रिफर किया गया है। ग्राम पोटियाडीह में इन दिनों पागल कुत्ते के आतंक से ग्रामीणों में दहशत है। वे बच्चों को लेकर काफी चिंतित हैं। एक पागल कुत्ता लोगों पर लगातार हमला कर रहा है। दो दिन पहले एक ग्रामीण पर हमला किया था। इस घटना के बाद पागल कुत्ते ने साढ़े पांच साल की बच्ची पर हमला कर बुरी तरह से नोंचकर घायल कर दिया है। पोटियाडीह निवासी हुमेश्वर साहू की साढ़े पांच वर्षीय बेटी प्रियांशी साहू गुरूवार की शाम अपने घर के पास खेल रही थी। इसी दौरान एक पागल कुत्ता पहुंच गया। कुत्ते ने खेल रही बच्ची पर अचानक हमला कर सिर व हाथों को नोंचकर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

## वनांचल में तनाव: अतिक्रमण पर कार्रवाई से बौखलाए ग्रामीण

# वन और पुलिस कर्मियों पर डंडे-पत्थर से किया हमला, एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के सीतागांव में रविवार सुबह 10 बजे वन भूमि के अवैध कब्जा हटाने पहुंची फॉरेस्ट तथा पुलिस विभाग की टीम को ग्रामीणों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। कार्रवाई के दौरान वन अमला जेसीबी के साथ मौके पर पहुंचा। जिससे कब्जाधारियों और विभागीय अमले के बीच तीखी गहमा-गहमी हो गई। स्थिति बिगड़ता देख मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया, लेकिन इसके बावजूद आक्रोशित ग्रामीणों ने पथराव शुरू करते फॉरेस्ट बल तथा पुलिस जवानों पर हमला कर दिया है। ग्रामीणों ने जेसीबी सहित अन्य सरकारी गाड़ियों पर पत्थर और डंडों से हमला कर उसे मौके से खदेड़ दिया।

इस दौरान ग्रामीण महिलाओं की संख्या अधिक रही और वे सबसे ज्यादा आक्रोशित नजर आई। घटनास्थल पर ग्रामीणों, वन विभाग और पुलिस के बीच जमकर नोकझोंक व धक्का-मुक्की हुई। हालात दिनभर तनावपूर्ण बना रहा। वहीं पुलिस और वन विभाग के अफसर स्थिति को नियंत्रित करने में जुटे रहे। आक्रोशित भीड़ ने डंडा और पत्थर से वन अमला तथा पुलिस जवानों को चोंट भी पहुंचाया है। स्थिति पर कलेक्टर तुलिका प्रजापति, पुलिस अधीक्षक वायपी सिंग, डीएफओ दिनेश पटेल नजर रखे हुए हैं। एसपी वायपी सिंग व डीएफओ दिनेश पटेल ने जानकारी देते बताया की स्थिति को संभाल लिया गया है। भारी तादाद में पुलिस बल तैनात किए गए हैं। फिलहाल अतिक्रमण की कार्रवाई को रोक दिया गया है।



**दो घरों में चल चुका था बुलडोजर:** दक्षिण मानपुर वन परिक्षेत्र सीतागांव में अवैध कब्जे को लेकर 13 लोगों को नोटिस दिया गया था। आज सुबह 10 बजे अंबागढ़ चौकी रेंज तथा उत्तर मानपुर, दक्षिण मानपुर वन विभाग की टीम पुलिस बल के साथ मौके पर बुलडोजर लेकर पहुंची और दो कच्चे मकानों पर तोड़फोड़ की कार्रवाई प्रारंभ की, तभी ग्रामीणों का आक्रोश उमड़ा और ग्रामीणों की तरफ से देखते ही देखते झूमा-झटकी के साथ पत्थर-डंडा चलना शुरू हो गया। माहौल के बिगड़ने के बाद अतिक्रमण पर कार्रवाई को वन महकमे ने स्थगित कर दिया है।

### साजिश या विरोध!

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के सीतागांव में प्रशासन और वन विभाग की बड़ी कार्रवाई प्रारंभ हुई है। भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 80 (अ) के तहत वन भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर कड़ा प्रहार किया गया है। सीतागांव के वन भूमि पर अतिक्रमण तोड़ने के विरोध मे सीतागांव सहित आसपास के लोग भारी संख्या में आज उपस्थित थे। बताया गया कि इस भीड़ में कांकेर जिले के बडगांव-पखांजूर एरिया के भी लोग विरोध में शामिल हुए थे।

### फॉरेस्ट अफसर हुए घायल

अफसरों से मिली जानकारी के अनुसार आक्रोशित भीड़ द्वारा पत्थरबाजी, झूमाझटकी, डंडा भांजने के दौरान मानपुर कष्ठागार डीपो की रेंज अफसर हेमलता उइके, मानपुर डिप्टी रेंजर नमिता केराम, अंबागढ़ चौकी चिल्हाटी बीट के डिप्टी रेंजर मेघनाथ निषाद घायल हुए हैं। जिनका मानपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार कराया गया है। इधर आज के संघर्ष के बाद खबर लिखे जाने तक सीतागांव थाना में उपद्रवियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की तैयारी की जा रही थी।

## बीज निगम और सहकारी समिति दोनों जगह धान बेचकर किसानों ने लिया दोहरा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



कोड़ेबोड़, भाठागांव, अछोटी, बगौद के चार किसानों द्वारा बीज निगम तथा सहकारी समितियों में धान बेचकर दोहरा लाभ लेने का मामला सामने आया है। चारों किसानों को राजीव गांधी न्याय योजना के तहत 4,90,500 रूपये का भुगतान किया गया है। अब वसूली के लिए छग राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड के महाप्रबंधक ने कलेक्टर को पत्र लिखा है। मामले का खुलासा होने के बाद बीज निगम तथा सहकारी समितियों में हड़कंप है।

ग्राम चर्रा निवासी आरटीआई एक्टीविस्ट एवं सामाजिक कार्यकर्ता मोहन पटेल ने सन 2024 में कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग के मंत्री समक्ष लिखित शिकायत की थी कि बीज निगम तथा सहकारी समिति दोनों स्थानों पर धान विक्रय कर दोहरा लाभ लिया जा रहा है। मामले की जांच कर दोषी पर कार्रवाई की मांग की थी।




## टेंट निकालने गए युवक की हाइटेंशन तार की चपेट में आने से हुई मौत

**धमतरी।** टेंट का पाइप लोड करने पिकअप के ऊपर चढ़ा युवक हाइटेंशन तार की चपेट में आ गया। करंट लगने से युवक की मौत हो गई। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार खोमेन्द्र साहू पिता गोपेश्वर उम्र 22 वर्ष ग्राम मोहारा थाना सनौद निवासी पीजी कालेज धमतरी में एमएससी की पढ़ाई कर रहा था। युवक अपने भाई गोयल साहू के साथ गांव में टेंट लगाने का भी काम करता था। इन दिनों उनका टेंट ग्राम कोचेरा थाना गुरूर में लगा था जिसे निकालने के लिये दोनों भाई शुक्रवार को घर की पिकअप से ग्राम कोचेरा गए थे। दोनों भाई टेंट का सामान निकाल पिकअप में रख रहे थे। इसी दौरान खोमेन्द्र सामान भरने के लिये पिकअप को पीछे कर उस ऊपर चढ़ गया। जहां पिकअप को खड़ा किया था, उसके ऊपर से हाइटेंशन विद्युत तार गुजरा हुआ था जो काफी नीचे था।



पिकअप पर चढ़ा युवक अचानक हाइटेंशन तार की चपेट में आ गया। हाईवोल्ट का करंट लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिये तत्काल गुरूर अस्पताल लाया गया। गंभीर हालत को देखते हुए घायल को धमतरी रिफर कर दिया। एम्बुलेंस की मदद से घायल को श्रीराम अस्पताल लाया गया। डाक्टर ने चेकअप के बाद दोपहर 3 बजे युवक को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने शनिवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

## रिहायशी क्षेत्र में जंगली भालू की दस्तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दल्लीराजहरा

ठंड बढ़ते ही दल्ली राजहरा शहर में जंगली जानवरों की आवाजाही लगातार बढ़ती जा रही है, ताजा मामला शहर के रिहायशी क्षेत्र स्थित सप्तगिरि पार्क के पास जंगली भालू देखे जाने का है, जिससे नगरवासियों में भय व्याप्त है।

सप्तगिरि पार्क, जहां प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में लोग मॉर्निंग वॉक, योग और बच्चों के साथ समय बिताने आते हैं, उसी क्षेत्र में भालू का दिखना इस बात का सबूत है कि अब खतरा जंगल तक सीमित नहीं रहा, बल्कि शहर के बीचों-बीच पहुंच चुका है। सप्तगिरि पार्क के अलावा श्रमवीर चौक, फायर ब्रिगेड कार्यालय, वार्ड नंबर 1 (राजहरा बाबा वार्ड) जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में भी भालू की मौजूदगी सामने आ चुकी है। गुरुवार रात वार्ड नंबर 1 में रफीक कुरैशी के घर में एक युवा



भालू द्वारा उत्पात मचाने की घटना ने लोगों को दहला दिया। वहीं रात करीब 2 बजे श्रमवीर चौक के पास भालू को घूमते देखे जाने की पुष्टि प्रत्यक्षदर्शियों ने की है। यह कोई पहली घटना नहीं है। कुछ वर्ष पूर्व डीएवी इस्पात स्कूल के सामने तेंदुए द्वारा गाय के बछड़े को शिकार बनाए जाने की घटना आज भी लोगों के जेहन में ताजा है। इसके बावजूद वन विभाग द्वारा न तो स्थायी सुरक्षा व्यवस्था की गई और न ही समय रहते चेतावनी जारी की गई।

## शातिर चोर ने महिला मित्र को मार डाला 60 लाख के जेवर के साथ पकड़ा गया

**रायपुर।** राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में एक माह पूर्व युवती की हत्या की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा ली है। युवती की हत्या के आरोप में



पुलिस ने शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 60 लाख रुपए कीमत की सोने-चांदी के ज़ेवर जब्त किया है। शातिर को चोरी में मदद करने के आरोप में पुलिस ने एक महिला और युवक को भी गिरफ्तार किया है।

मामले का खुलासा करते हुए आईजी अमरेश मिश्रा, एसएसपी लाल उमेद सिंह ने बताया, युवती की हत्या के आरोप में तेलीबंधा निवासी हरीश पटेल देवार को गिरफ्तार किया है। साथ ही चोरी तथा आरोपी के फरार होने में मदद करने के आरोप में डोंगरगढ़ निवासी अरविंद नेताम, दुर्ग, भिलाई निवासी उषा राठौर को गिरफ्तार किया गया है। घटना में शामिल एक अन्य आरोपी फरार है।

**पुलिस को देता रहा चकमा :** घटना के बाद फरार हरीश को पता चल गया कि पुलिस को उसके बारे में पूरी जानकारी मिल गई है। इसके बाद उसने चोरी के ज़ेवर तथा नगदी समेटकर मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश सहित कई अन्य राज्यों में भागते फिर रहा था। हरीश को पुलिस ने प्रयागराज से गिरफ्तार किया है।

### दुर्ग में मिलने के लिए बुलाया

पूछताछ में हरीश ने पुलिस को बताया है की मृतका उसकी महिला मित्र थी। पिछले महीने 19 नवंबर को हरीश ने मृतका को अपने प्रेम का हवाला देते हुए मिलने के लिए दुर्ग के एक होटल में बुलाया। होटल में दो रूम बुक कराए थे। एक कमरा में हरीश और उसकी प्रेमिका रुके। दूसरे कमरे में हरीश का दोस्त रुका था। हरीश ने पुलिस को बताया है की उसने अपने महिला मित्र को अपने दोस्त के साथ संबंध बनाने दबाव बनाया। इस बात का युवती ने विरोध किया तो तीनों के बीच विवाद हुआ। इसके बाद गुस्से में आकर हरीश ने अपने साथी के साथ मिलकर गमछा से युवती की गला घोंटकर हत्या कर दी। घटना दिनांक को देर रात दोनों युवती की लाश बाइक में बीच में फंसाकर अमलीडीह स्थित पुलिस कॉलोनी के पास एक खाली प्लाट में फेंक कर फरार हो गए।



## जैकेट के शेष

### रायपुर से दिल्ली तक का ....

से दिल्ली की दूरी 1317 है। इस सफर के लिए यात्रियों को 13.17 से 26.34 तक अतिरिक्त देना होगा। इसके अलावा रायपुर से नागपुर की दूरी 302 किमी है, जिसका स्लीपर में वर्तमान किराया 905 है। इस तरह अब रायपुर-नागपुर स्लीपर के नए किराया में 3 से 6 रुपए अतिरिक्त देने होंगे। रायपुर से अंबिकापुर की दूरी 434 किमी है। यात्रियों को इस सफर के लिए भी 4.34 से 8.68 रुपए तक अतिरिक्त देने होंगे। रायपुर से जबलपुर की दूरी 411 किमी है, इसलिए वहां तक यात्रा के लिए 4 से 8 रुपए अधिक देने पड़ेंगे।

### टैंकर से टकराई ...

किया गया है कि रोजगार प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अनियमितता की गुंजाइश न्यूनतम हो और श्रमिकों को उनके अधिकारों से वंचित न किया जा सके। मजदूरी का भुगतान सीधे बैंक खातों में सुनिश्चित कर आर्थिक सुरक्षा को मजबूती दी गई है।
मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत—जी राम जी बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, रियल-टाइम निगरानी, एआई-आधारित विश्लेषण और नागरिक सहभागिता जैसे आधुनिक प्रावधान गरीब और श्रमिक वर्ग के अधिकारों की प्रभावी सुरक्षा के लिए एक मजबूत और पारदर्शी ढांचा प्रदान करते हैं। इससे न केवल कार्य की गुणवत्ता में सुधार होगा, बल्कि जवाबदेही भी सुनिश्चित होगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह कानून प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र को आत्मसात करता है। विकसित भारत 2047 की परिकल्पना के अनुरूप यह कानून ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर, सशक्त और सम्मानजनक आजीविका की दिशा में निर्णायक रूप से आगे बढ़ाने का प्रयास है। श्रमिकों का सम्मान, समय पर रोजगार और पारदर्शी व्यवस्था ही सशक्त राष्ट्र की नींव है, और विकसित भारत—जी राम जी कानून उसी नींव को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## पेज एक के शेष

### नकली दवाओं का कनेक्शन...

सारंगढ़ में रहकर दवा कारोबारी से पूछताछ कर रही है। अफसरों के मुताबिक, खेमराम केसरवानी के पास रिटेल यानी चिल्हर दवा कारोबार का लायसेंस है, मगर इसके आधार पर थोक का कारोबार और दवाओं का बिना दस्तावेज अनावश्यक स्टॉक रखने की परमिशन नहीं है। इनमें जिन दो और दवाओं के नकली होने का संदेह है वह भी सर्दी-खांसी जैसी बीमारी के इलाज में उपयोग आने वाली है। जांच टीम ने वहां 160 तरह की दवाएं जब्त की है, जिसमें ज्यादातर जेनेरिक हैं।

### एपस्टीन से जुड़ी 16 फाइलें ...

एपस्टीन आइलैंड नहीं गया। नियर इंटेलिजेंस ने इन 200 लोगों की पूरी जानकारी जुटाई। मसलन वे कहां से आए, आइलैंड में किस जगह सबसे ज्यादा समय बिताया और वापस कहां गए?
ये फाइल शुक्रवार को वेबपेज पर उपलब्ध थीं लेकिन शनिवार को इन तक पहुंच को बाधित कर दिया। इनमें नग्न महिलाओं को दर्शाने वाली पेंटिंग की तस्वीरें भी शामिल थीं। इनमें से एक तस्वीर में एक अलमारी और दराजों में रखी तस्वीरें नजर आ रही थीं। उसी तस्वीर में एक दराज के अंदर अन्य तस्वीरों के बीच डोनाल्ड ट्रंप, जेफ्री एपस्टीन, अमेरिका की प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप और एपस्टीन की सहयोगी गिस्लेन मैक्सवेल की तस्वीर भी थी।

### मुख्य परिणाम में जुड़ेंगे ...

परीक्षाओं के दौरान छात्रों पर तैयारी का दबाव बढ़ जाता है और परिणाम भी प्रभावित है। विभाग को उम्मीद है कि तिमाही-छमाही के अंक जोड़े जाने से विद्यार्थी पूरे वर्ष पढ़ाई को गंभीरता से लेंगे। निजी स्कूलों में लागू नहीं : मार्किंग संबंधित नया नियम प्रदेश के निजी स्कूलों में लागू नहीं होगा। इसे केवल शासकीय विद्यालयों में ही लागू किया जा रहा है।
सभी जिला शिक्षा अधिकारियों सहित प्राचार्यों को भी इस संदर्भ में सूचित कर दिया गया है ताकि वे नए नियमों के अनुसार ही परीक्षा की तैयारी करवाएं। स्कूली छात्रों को भी इस नए नियम से परिचित कराने कहा गया है ताकि विद्यार्थी तिमाही और छमाही परीक्षाओं को भी गंभीरता से लें। प्रदेश में यह पहली बार होगा, जब अंतिम परीक्षा परिणाम वार्षिक परीक्षा के साथ ही तिमाही व छमाही को मिलाकर तैयार किए जाएंगे। वहीं, निजी स्कूल पूर्व की तरह वार्षिक परीक्षाओं के आधार पर ही अंतिम परिणाम तैयार कर सकेंगे।

### सरकार की दो साल की...

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, प्रदेश के सभी मंत्री भी मौजूद रहेंगे। जनादेश परब में जनता के सामने छत्तीसगढ़ सरकार की दो वर्ष की उपलब्धियों तथा राज्य के एकीकृत विकास के लिए लिए गए फैसलों की जानकारी दी जाएगी। जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया जाएगा। तय कार्यक्रम के मुताबिक श्री नड्डा इंडिगो की नियमित फ्लाइट से दिल्ली से 12.15 बजे रायपुर पहुंचेंगे। यहां से 12.30 बजे हेलीकॉप्टर से जांजगीर जाएंगे। वहां पर 1.30 से 3 बजे तक जनादेश परब कार्यक्रम में शामिल होने के बाद शाम को 4 बजे रायपुर आएंगे और यहां से 4.15 बजे विशेष विमान से मध्यप्रदेश जाएंगे।
**होगी बड़ी सभा :** जांजगीर के खोखरा पुलिस ग्राउंड में 50 हजार से अधिक की क्षमता वाले विशाल मैदान में श्री नड्डा की बड़ी सभा होगी। इस सभा में प्रदेश सरकार की दो साल की उपलब्धियों को बताया जाएगा। सभा को श्री नड्डा संबोधित करेंगे। इसी के साथ सभा में मुख्यमंत्री श्री साय का भी उद्बोधन होगा। इस मौके पर सुप्रसिद्ध लोक कलाकार एवं पद्मश्री अनुज शर्मा तथा अन्य कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके अलावा कार्यक्रम स्थल पर पिछले दो वर्षों विभिन्न विभागों की उपलब्धियों पर आधारित विकास प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जाएगा। प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल, कृषि विभाग, स्कूल शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, जल संसाधन, मत्स्य पालन और सहकारिता विभाग सहित विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए जा रहे हैं।

### जर्जर एनीकेट ने बढ़ाया बस्तर ...

श्रमदान से रोका पानी, प्रशासनिक उदासीनता पर सवाल खड़े कर रहे हैं। रविवार को किसानों और सामाजिक संगठनों को स्वयं आगे आकर इंद्रावती नदी से जुड़े एनीकेटों में श्रमदान करना पड़ा। भोंड एनीकेट, नदीसागर और रोतमा क्षेत्र में बोरी बंधन कर पानी रोकने का प्रयास किया गया। सीमित सरकारी हस्तक्षेप में केवल दो फाटक लगाए गए,लेकिन उससे भी पानी नहीं रुका। इसके बाद किसानों ने आपसी चंदा एकत्र कर सीमेंट, गिट्टी और छड़ की व्यवस्था की और एनीकेट के जर्जर हिस्सों की मरम्मत की। लगभग पांच सौ बोरी रेत भरकर पानी रोकने का प्रयास किया गया। रोतमा क्षेत्र में तीन फाटक गायब होने और छापर—भानपुरी एनीकेट में भी बोरी बंधन की आवश्यकता ने व्यवस्था की पोल खोल दी है। जल संसाधन विभाग के जिम्मेदार भी कुछ कहने से बच रहे है। विभाग के अधीक्षण अभियंता करन भंडारी से विभाग का पक्ष लेने का प्रयास किया गया,लेकिन वे इस सबंध में ईई से चर्चा करने की बात कहकर पल्ला झाड़ दिया।

# राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में लिप्त है कांग्रेस, अवैध प्रवासियों को असम में बसाना चाहती है : मोदी

*प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि पार्टी "राष्ट्रविरोधी" गतिविधियों में लिप्त है और असम में अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को बसाने में मदद कर रही है।*

एजेंसी ▶▶| नामरूप

असम में डिब्रूगढ़ जिले के नामरूप में 10,601 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले उर्वरक संयंत्र का उद्घाटन करने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने यह भी कहा कि कांग्रेस ने यहां पुराने संयंत्र को आधुनिक बनाने और किसानों की समस्याओं का समाधान ढूंढ़ने के लिए कोई प्रयास नहीं किया। वह केवल अपना वोटबैंक मजबूत करना चाहती है। जनता की उसे कोई परवाह नहीं है। पीएम मोदी ने कहा, "भारत तभी प्रगति करेगा जब किसान समृद्ध होंगे। कांग्रेस शासन में कई उर्वरक फैक्टरियां बंद हो गई थीं, लेकिन भाजपा सरकार ने देशभर में नई फैक्टरियां स्थापित की हैं। किसानों के हित में पाम ऑयल मिशन और अन्य योजनाएं शुरू की गई हैं ताकि वे खाद्य तेल में आत्मनिर्भर बन सकें।"



### कांग्रेस के विरोध का दिया उदाहरण

पीएम मोदी ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसने डॉ. भूपेन हजारिका को भारत रत्न से सम्मानित करने के फैसले का विरोध किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने इस निर्णय पर टिप्पणी करते हुए भूपेन दा और असम के लोगों का अपमान किया।

### किसानों के लिए योजनाएं और उर्वरक उत्पादन

पीएम मोदी ने बताया कि देश में यूरिया उत्पादन 2014 में 225 लाख मीट्रिक टन था, जो अब बढ़कर 306 लाख मीट्रिक टन हो गया है। उन्होंने किसानों से कहा कि यूरिया का अंधाधुंध इस्तेमाल मिट्टी की गुणवत्ता पर असर डाल सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि के तहत अब तक लगभग चार लाख करोड़ रुपये सीधे किसानों के खातों में ट्रांसफर किए जा चुके हैं।

### कांग्रेस इसीलिए कर रही एसआईआर का विरोध

पीएम मोदी ने यह भी कहा कि कांग्रेस का असमिया लोगों की पहचान, अस्तित्व और गौरव से कोई लेना-देना नहीं है, जबकि भाजपा इसे बचाने के लिए प्रयासरत है। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस मतदाता सूची में संशोधन का विरोध कर रही है क्योंकि वह केवल सत्ता हथियाना चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने देश को "इस कदर नुकसान" पहुंचाया है कि पिछले 11 वर्षों में भी बहुत से काम अधूरे रह गए हैं।

### नामरूप यूरिया संयंत्र का महत्व

प्रधानमंत्री ने कहा कि नामरूप यूरिया संयंत्र से स्थानीय किसानों को मदद मिलेगी और असम के युवाओं के लिए हजारों नौकरियां सृजित होंगी। उन्होंने बताया कि संयंत्र की उत्पादन क्षमता 12.7 लाख मीट्रिक टन है और इससे आपूर्ति श्रृंखला अधिक प्रभावी होगी तथा लागत में कमी आएगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का विकास पूर्वोत्तर के विकास के बिना संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि असम में 7.5 लाख चाय बागान श्रमिकों के लिए जनधन खाता खोलने की प्रक्रिया आसान बनाई गई है, जिससे फंड सीधे उनके खातों में ट्रांसफर किए जा रहे हैं। इस पहल से पारदर्शिता और कार्यकुशलता बढ़ी है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा सरकार चाय बागान क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के सुधार के लिए काम कर रही है।

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने की घोषणा

# उत्तराखंड के स्कूलों में अनिवार्य किया गया भगवद गीता का पाठ

एजेंसी ▶▶| देहरादून

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने घोषणा की है कि राज्य के सभी सरकारी स्कूलों में भगवद गीता के श्लोकों का पाठ करना अनिवार्य होगा। रिपोर्ट के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य छात्रों को भारतीय संस्कृति से जोड़ना और उनमें मजबूत नैतिक मूल्यों का विकास करना है। अब स्कूलों में प्रत्येक सुबह की प्रार्थना सभा में छात्रों को भगवद गीता का एक श्लोक और उसका अर्थ समझाया जाएगा। मुख्यमंत्री धामी ने नोएडा




में पार्वतीया कल्चरल सोसाइटी द्वारा आयोजित महाकौथिग सांस्कृतिक कार्यक्रम को भी संबोधित किया। उन्होंने राज्य से बाहर रहने वाले उत्तराखंडियों की लोक संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखने के लिए प्रशंसा की।

### गीता और रामायण भी होगा पाठ्यक्रम में

यह कदम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के कार्यान्वयन के अनुरूप है। इस नीति के तहत, भगवद गीता और रामायण दोनों को उत्तराखंड के सरकारी स्कूलों के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा। हालांकि, राज्य सरकार का दावा है कि इन्हें धार्मिक ग्रंथों के रूप में नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और भावनात्मक विकास के साधन के रूप में पढ़ाया जाएगा। बता दें कि मुख्यमंत्री धामी उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता मुखर रूप से दोहराते रहे हैं।

### चार साल के बेटे की हत्या के आरोप में पिता गिरफ्तार

**भदोही।** भदोही जिले के सुरयावा थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने पत्नी से विवाद के बाद अपने चार वर्षीय बेटे की कथित तौर पर जमीन से पटक कर हत्या कर दी। पुलिस ने रविवार को बताया कि आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया गया है। सुरयावा थाने के प्रभारी निरीक्षक मोहम्मद शकील खान ने बताया कि गुवाली गांव निवासी राम जी वनवासी का शराब का आदी है और शनिवार देर रात जब वह घर पहुंचा तो पत्नी से झगड़ा हुआ और इसके बाद उसने सो रहे चार साल के बेटे विकास वनवासी को उठाकर जमींन पर कई बार पटक दिया और भाग गया जिसके बाद बच्चे की मौत हो गई।

# भाजपा नेता पर 3.50 करोड़ रुपए की जालसाजी का केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंदौर

■ गुम चेक से किया था फर्जीवाड़ा

शहर के भाजपा नेता एवं गो सेवा भारती संस्था के अध्यक्ष सुरेश पिंगले पर क्राइम ब्रांच ने 3 करोड़ 50 लाख रुपए की जालसाजी के मामले में एफआईआर दर्ज की है। कोर्ट के आदेश के बाद क्राइम ब्रांच ने जांच करते हुए यह कार्रवाई की है। मामला भोपाल-रायसेन रोड की एक नामी लॉजिस्टिक कंपनी के गुम चेक के जरिए फर्जीवाड़ा करने से जुड़ा है। इस प्रकरण में दो अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। क्राइम ब्रांच ने कनाड़िया थाना क्षेत्र में रहने वाले रमन अरोरा निवासी ग्रेड एक्सोटिका की शिकायत पर सुरेश पुत्र विट्ठलराव पिंगले निवासी मिश्र नगर अन्नपूर्णा रोड के खिलाफ बैंक से फर्जी तरीके से 3.50 करोड़ रुपए निकालने का प्रयास करने के आरोप में एफआईआर दर्ज की है। इस मामले में नरेश नरवानी और शरद दुबे की भूमिका को भी जांच में लिया गया है।

# कर्नाटक में नेतृत्व को लेकर भ्रम स्थानीय स्तर पर है, आलाकमान में नहीं : खरगे

एजेंसी ▶▶| कलबुर्गी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को स्पष्ट किया कि पार्टी की कर्नाटक इकाई में नेतृत्व के मुद्दे को लेकर भ्रम केवल स्थानीय स्तर पर है, पार्टी आलाकमान के भीतर नहीं।



खरगे ने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा, ''आलाकमान ने कोई भ्रम उत्पन्न नहीं किया है। यह केवल स्थानीय स्तर पर मौजूद है।'उन्होंने सवाल किया, 'आलाकमान पर दोष डालना कैसे सही है? खरगे ने कहा कि स्थानीय नेताओं को आंतरिक विवादों का दोष आलाकमान पर डालने के बजाय उसकी जिम्मेदारी स्वयं लेनी चाहिए। यह बयान कर्नाटक में मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और उप मुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार के बीच सत्ता को लेकर कथित खींचतान के बीच आया है। कांग्रेस प्रमुख ने साथ ही कहा कि पार्टी की चुनावी सफलता का श्रेय लेने से बचा जाना चाहिए। उन्होंने बिना किसी का नाम लिए कहा पार्टी को सभी ने मिलकर बनाया है। यह किसी एक व्यक्ति का प्रयास नहीं है। कांग्रेस को पार्टी कार्यकर्ताओं ने बनाया है।

### नकली महंगे मोबाइल फोन बेचने वाला गिरोह पकड़ाया

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने करोल बाग इलाके में अवैध रूप से महंगा नकली मोबाइल फोन बनाने और बेचने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया और इस सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि इस अभियान के दौरान एक ब्रांड के 'फोल्ड' और 'फ्लिप' मॉडल सहित 512 नकली एवं महंगे स्मार्टफोन के साथ बड़ी मात्रा में मोबाइल के पुर्जे और नकली आईएमईआई स्टिकर बरामद किए गए। फोल्ड मॉडल वाले फोन को मोड़कर छोटा किया जा सकता है।

# पीएफआई के निशाने पर थे भाजपा और संघ के नेता, देश में हिंसा फैलाना था मकसद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


पटियाला हाउस कोर्ट की स्पेशल एनआईए अदालत में पीएफआई के 20 शीर्ष नेताओं के खिलाफ आरोप तय करने को लेकर सुनवाई हुई। एनआईए ने अपनी दलीलें पूरी करते हुए कहा कि संगठन देश में शरिया कानून लागू करने और युवाओं को भड़काने की साजिश में शामिल था। इस मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने आरोप तय करने के पक्ष में अपनी दलीलें पूरी कर दी हैं। अदालत ने अब इस मामले की अगली सुनवाई 23 दिसंबर को तय की है, जिसमें आरोपियों की ओर से अपनी दलीलें पेश की जाएंगी। एनआईए ने कोर्ट को बताया कि पीएफआई देश में शरिया कानून लागू करने के उद्देश्य से संगठित तरीके से काम कर रहा था। एजेंसी के अनुसार, अब प्रतिबंधित हो चुके इस संगठन ने देशभर में अपने कार्यालय खोलकर मुस्लिम युवाओं को गुमराह किया और उन्हें अन्य धर्मों के खिलाफ भड़काने की साजिश रची।




### एनआईए की गिरफ्त में हैं संगठन के 20 शीर्ष नेता

एनआईए ने 2022 में देश के अलग-अलग हिस्सों में छापेमारी कर पीएफआई के इन 20 शीर्ष नेताओं को गिरफ्तार किया था। इन गिरफ्तारियों के बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पीएफआई को प्रतिबंधित संगठन घोषित कर दिया था। अब 23 दिसंबर को होने वाली अगली सुनवाई में आरोपियों की ओर से अदालत में अपनी दलीलें रखी जाएंगी।

## राशिफल


**मेष** — परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी।


**वृष** — कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। व्यर्थ की भागदौड़ बढ़ सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।


**मिथुन** — लाभ में में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।


**कर्क** — सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करें। मान-सम्मान बढ़ेगा। बातचीत में संतुलन बनाए रखें। वाणी में कठोरता का प्रभाव हो सकता है।


**सिंह** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।


**कन्या** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव हो सकते हैं।


**तुला** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें।


**वृश्चिक** — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यभार में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।


**धनु** — जीवनसाथी से नोकझोंक हो सकती है। कुटुम्ब में मान-सम्मान की प्राप्ति के योग हैं। लंबी यात्रा पर जाना हो सकता है। सुखद परिणाम मिलेंगे।


**मकर** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। खर्चों की अधिकता रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।


**कुंभ** — नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।


**मीन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मान-सम्मान मिलेगा। शासन-सत्ता का सहयोग रहेगा। कला एवं संगीत में रुचि बढ़ेगी। खर्च अधिक रहेंगे।

### दक्षिण अफ्रीका: पब में हुई गोलीबारी में नौ की मौत

जोहानिसबर्ग। दक्षिण अफ्रीका के एक पब में शनिवार देर रात बंदूकधारियों के एक समूह द्वारा की गई गोलीबारी में नौ लोगों की मौत हो गई और कम से कम 10 अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना शनिवार देर रात एक बजे से ठीक पहले 'बेकर्सडेल' कस्बे में हुई, जो जोहानिसबर्ग से 46 किलोमीटर पश्चिम में स्थित है। दक्षिण अफ्रीका में तीन सप्ताह में गोलीबारी की यह दूसरी घटना है। पुलिस आयुक्त मेजर जनरल फ्रेड केकाना ने बताया कि अपराध जांच विभाग ने अपराध पहचान इकाई के सहयोग से इस घटना के संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी है। एक सफेद मिनी-बस और एक सिल्वर रंग की कार में सवार लगभग 12 अज्ञात संदिग्धों ने बेकर्सडेल के टैम्बो इलाके में स्थित 'क्वानोक्सोलो' पब में ग्राहकों पर गोलियां चलाईं।


केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation under the Ministry of Education, Govt. of India)
सार्वजनिक सूचना
22 दिसंबर 2025

विषय: प्रत्यक्ष भर्ती कोटा परीक्षा 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि में विस्तार।
विज्ञापन संख्या: CBSE/Rectt.Cell/14(88)/2025 दिनांक 02.12.2025 के संदर्भ में, यह सूचित किया जाता है कि प्रत्यक्ष भर्ती कोटा परीक्षा 2026 (DRQ2026) के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि को नीचे दिए गए कार्यक्रम के अनुसार बढ़ा दिया गया है:

| कार्यक्रम | पूर्व तिथि | विस्तारित तिथि |
|---|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन जमा करने की तिथि | 22 दिसंबर 2025 (रात 11:59 बजे तक) | **27 दिसंबर 2025 (रात 11:59 बजे तक)** |
| परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि (क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड/नेट बैंकिंग/यूपीआई के माध्यम से): | 22 दिसंबर 2025 (रात 11:59 बजे या उससे पहले) | **27 दिसंबर 2025 (रात 11:59 बजे तक)** |

डीआरक्यू 2026 के लिए आवेदन करने में किसी भी प्रकार की कठिनाई होने पर, उम्मीदवार 011-24050353, 011-24050354 पर संपर्क कर सकते हैं या drq2026@cbseshiksha.in पर ईमेल भेज सकते हैं।
निदेशक
व्यवसायिक परीक्षा इकाई, सीबीएसई
cbc21107/12/0011/2526



CSPDCL छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड SAVE ENERGY
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) / (छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल की उत्तरवर्ती कंपनी)
CIN U40108CT2003 SGC015822, Email ID - EEONM.BHATAPARA@CSPC.CO.IN
GST Number of CSPDCL -22AADCC6047K1ZR
कार्यालय - कार्यपालन अभियंता ( सं / सं.) संभाग भाटापारा

क्र./10-20/10-25/सामा./6145 — **बिजली बंद की सूचना** — भाटापारा, दिनांक 19/12/2025


एतद् द्वारा जन सामान्य को सूचित किया जाता है कि दिनांक 22.12.2025 दिन सोमवार को समय सुबह 10:00 बजे से शाम 03:00 बजे तक 220 / 132/33 के.व्ही. भाटापारा उपकेन्द्र में आवश्यक मरम्मत कार्य (33 के.व्ही. मेन बस सेक्शन आइसोलेटर का सुधार/ एलाइनमेंट का कार्य एवं 33 के.व्ही. भाटापारा फीडर क्रमांक 03 के बी-फेज कंडक्टर का प्रतिस्थापन) के कारण नीचे दर्शाये क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

| क्र. | 33/11 के.व्ही विद्युत लाइन का नाम | 33/11 के.व्ही से प्रभावित उपकेन्द्र |
|---|---|---|
| 1 | 33 केव्ही भाटापारा -1 फीडर | 33/11 के.व्ही सूरजपुरा, देवरी, कडार एवं सिंगारपुर उपकेन्द्र से निकलने वाले समस्त 11 के.व्ही फीडर |
| 2 | 33 केव्ही भाटापारा -2 फीडर | 33/11 के.व्ही पटपर एवं सैंटमैरी उपकेन्द्र से निकलने वाले समस्त 11 के.व्ही फीडर |
| 3 | 33 केव्ही भाटापारा -3 फीडर | 33/11 के.व्ही टेहका उपकेन्द्र से निकलने वाले समस्त 11 के.व्ही फीडर |
| 4 | 33 केव्ही निपनिया फीडर | 33/11 के.व्ही निपनिया एवं बिटकुली उपकेन्द्र से निकलने वाले समस्त 11 के.व्ही फीडर |
| 5 | 33 केव्ही कोसमंदा फीडर | 33/11 के.व्ही कोसमंदा उपकेन्द्र से निकलने वाले समस्त 11 के.व्ही फीडर |
| 6 | 33 केव्ही इंटर कनेक्टर फीडर, 33 केव्ही PGCIL फीडर एवं 33 केव्ही MC Plant फीडर | - |

उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद है एवं आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन संभाव्य है।
*"स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें"*
*"समयावधि में देयक का भुगतान करे, लाईन विच्छेदन से बचें।"*

(व्ही. के. राठिया)
कार्यपालन यंत्री (सं/सं.) संभाग
छ. स्टेट पा.डि.कं.लि. भाटापारा
कर्मचारी क्र. 9331181


### शब्द पहेली - 6085



**बाएँ से दाए-**
1. सफल,उत्तीर्ण-4
5. ओस,रजनीजल-4
7. फरार होना,चंपत होना, पलायन करना-5
9. महीना,मास-2
10. साल का बारहवां भाग-2
13. पुचकारना-4
15. विष्णु,चक्रधारी-4
17. निरुत्तर होना-5
18. अपनत्व-5
20. असम के इस शहर को बादलों का घर कहा जाता हैं-4
23. निकृष्ट,अल्पतर-4
26. अंधकार-2
27. बुरा आदत-2
29. रसायन संबंधी-5
31. ब्राम्हण,सम्राट-4
32. गजानन,गणपति-4

**ऊपर से नीचे**
2. मां,आई,मदर-2
3. बारिश का गिरना-4
4. निर्माता,रचयिता-5
5. लज्जाना -4
6. मुलायम-2
8. उम्मीद-2
9. हार,जयमाल-2
11. हरे रंग का-2
12. वचन,प्रतिज्ञा -2
14. हैंडलूम, इस यंत्र पर धागों से बुनाई होती है-5
16. जनेऊ,उपनयन संस्कार-5
19. विलेन,नायक का विलोम-5
20. बादल-2
21. बुरी आदत-2
22. यम,मृत्यु का देवता-4
23. पानी के बहने की आवाज-2,2
24. वोट,अभिमत-2
28. इस जगह-2
30. कारावास,बंधन-2

**शब्द पहेली -6084 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | ल | ह | ■ | म | ■ | प | र | दा | न | शी |
| पू | ■ | क | ल | श | ■ | छ | बी | ल | ■ | त |
| त | ल | ■ | ■ | व | ■ | ता | ■ | ■ | सा | ल |
| ■ | ल | ■ | धा | रा | प्र | वा | ह | ■ | व | ■ |
| म | क | ब | रा | ■ | था | ■ | म | हा | न | ता |
| ■ | ■ | ■ | वा | दा | ■ | मा | स | ■ | ■ | ■ |
| ह | म | रा | ही | ■ | पा | ■ | फ | र | मा | न |
| ■ | यू | ■ | क | हा | नी | का | र | ■ | य | ■ |
| ख | र | ■ | ■ | थी | ■ | र | ■ | ■ | का | न |
| प | ■ | ब | र | खा | ■ | ना | र | द | ■ | य |
| त | र | स | खा | ना | ■ | मा | ■ | म | न | न |

### सूडोकु नवताल - 6095

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | 1 | 8 |
| | | | 6 | 7 | | | | 2 |
| | | | 8 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | |
| | | | | | | 3 | 5 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 1 | | | | 4 | 7 | | | |
| 9 | 6 | | | | | | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6094 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 |

## खबर संक्षेप

### एडीबी इस वर्ष के लिए 4.26 अरब डॉलर का कर्ज देगी




**नई दिल्ली।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने वर्ष 2025 में भारत में 4.26 अरब डॉलर के सरकारी ऋण की प्रतिबद्धता जतायी है। यह कर्ज देश के दक्षता परिवेश को मजबूत करने, नवीकरणीय ऊर्जा के इस्तेमाल को तेज करने, स्वास्थ्य देखरेख सेवाओं को बेहतर बनाने और 'इकोटूरिज्म' को बढ़ावा देने वाली परियोजनाओं के लिए महत्वपूर्ण है।

### बीते सप्ताह सोयाबीन और सरसों तेल में रही गिरावट



**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में ऊंचे भाव के कारण मांग प्रभावित रहने की वजह से सरसों तेल-तिलहन तथा लागत से कम दाम पर बिकवाली होने से सोयाबीन तेल तथा सर्दी में मांग प्रभावित रहने से कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल के दाम में गिरावट रही।

### आईनॉक्स क्लीन ने वाइब्रेंट एनर्जी का किया अधिग्रहण




**नई दिल्ली।** आईनॉक्स क्लीन एनर्जी लिमिटेड ने ऑस्ट्रेलिया की मैक्वेरी कॉर्पोरेट होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड और अन्य शेयरधारकों के साथ वाइब्रेंट एनर्जी के अधिग्रहण के लिए अंतिम समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। वाइब्रेंट एनर्जी की कुल स्थापित क्षमता 1,337 मेगावाट है। यह सौदा लगभग 5,000 करोड़ रुपये में हुआ है। वाइब्रेंट एनर्जी भारत में एक विविध नवीकरणीय ऊर्जा स्वतंत्र बिजली उत्पादक (आरई आईपीपी) है।

### चेयरमैन ने कहा, लाभांश देना उनकी प्राथमिकता में शामिल

# वेदांता विभाजन के बाद भी शेयरधारकों को लाभांश देना जारी रखेगा : अग्रवाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने कहा कि लाभांश देना उनकी प्राथमिकता में शामिल है और प्रस्तावित विभाजन के बाद भी समूह की कंपनियां नियमित रूप से शेयरधारकों को लाभांश देती रहेंगी। अग्रवाल ने बताया कि समूह अपने विभिन्न कारोबारों में 20 अरब डॉलर के विस्तार कार्यक्रम को जारी रखेगा।

धातु से तेल तक के कारोबार वाले वेदांता लिमिटेड का विभाजन प्रत्येक कारोबार को स्वतंत्र पहचान देने, मूल्य उजागर करने और पूंजी निवेश की प्रक्रिया को प्रभावित किए बिना नकद लाभांश जारी रखने के लिए किया जा रहा है। राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने मंगलवार को वेदांता को पांच अलग सूचीबद्ध कंपनियों में विभाजित करने की योजना को मंजूरी दी।

#### धातु का कारोबार वेदांता में ही रहेगा

विभाजन के बाद आधार धातु का कारोबार वेदांता लिमिटेड में रहेगा, जबकि वेदांता एल्युमिनियम, तलवंडी साबो पावर, वेदांता इस्पात एवं लौह और माल्को एनर्जी (तेल एवं गैस) अन्य चार सूचीबद्ध कंपनियां होंगी। अग्रवाल ने कहा, /"लाभांश देना मेरे विचार का हिस्सा है। चाहे कोई भी परिस्थिति हो, हमारी कंपनियां नियमित लाभांश जारी करती रहेंगी।/"

#### जस्ता और चांदी में दो अरब डॉलर का होगा निवेश

*चेयरमैन ने कहा कि अगले चार से पांच वर्षों में वेदांता विभिन्न क्षेत्रों में कुल 20 अरब डॉलर का निवेश करेगी। इसमें तेल एवं गैस और एल्युमिनियम में चार-चार अरब डॉलर, जस्ता और चांदी में दो अरब डॉलर, विद्युत उत्पादन में ढाई अरब डॉलर और शेष निवेश लौह अयस्क, इस्पात और अन्य क्षेत्रों में किया जाएगा।*




- प्रस्तावित विभाजन के बाद भी समूह की कंपनियां लाभांश देती रहेगी
- समूह विभिन्न कारोबारों में 20 अरब डॉलर का विस्तार जारी रखेगा
- समूह धातु से लेकर तेल तक के कारोबार में संलग्न है

#### चांदी का उत्पादन 1500 टिन किया जाएगा

अग्रवाल ने बताया कि चांदी का उत्पादन मौजूदा लगभग 700 टन से बढ़ाकर 2030 तक 1,500 टन किया जाएगा। इसके साथ ही सीसा उत्पादन को चार लाख टन से बढ़ाकर 20 लाख टन प्रतिवर्ष करने का लक्ष्य है। हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड में जस्ता उत्पादन को वर्तमान 11.3 लाख टन से बढ़ाकर 20 लाख टन किया जाएगा।

#### विभाजन मार्च तक पूरा होने की योजना

*अग्रवाल ने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में अब तक प्रति शेयर सात रुपये का पहला अंतरिम लाभांश और 16 रुपये का दूसरा अंतरिम लाभांश घोषित किया गया है। वित्त वर्ष 2023-24 में कुल 29.50 रुपये प्रति शेयर और 2024-25 में लगभग 46 रुपये प्रति शेयर लाभांश वितरित किया। अग्रवाल ने बताया कि विभाजन मार्च 2026 तक पूरा होने की योजना है।*

#### जिंक कंपनी से 10 लाख टन अतिरिक्त उत्पादन की योजना

दक्षिण अफ्रीका में समूह की जिंक कंपनी से अतिरिक्त 10 लाख टन उत्पादन की योजना है, जिससे वेदांता विश्व के प्रमुख उत्पादकों में शामिल होगा। एल्युमिनियम कारोबार में समूह मौजूदा 30 लाख टन क्षमता को दोगुना करने की योजना बना रहा है। राजस्थान में 5.10 लाख टन क्षमता का डाई-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) उर्वरक संयंत्र स्थापित किया जा रहा है, जिसे आगे चलकर 10 लाख टन तक बढ़ाया जाएगा।

#### प्रत्येक नई कंपनी वेदांता जितनी बड़ी बने

तेल एवं गैस क्षेत्र में उत्पादन को निकट भविष्य में तीन लाख बैरल प्रतिदिन और अगले चार-पांच वर्षों में पांच लाख बैरल प्रतिदिन तक बढ़ाने का लक्ष्य है। अग्रवाल ने कहा, "वेदांता एक बड़ा बरगद है। हर कारोबार में इतनी क्षमता है कि वह स्वयं में बड़ा समूह बन सकता है। मेरा लक्ष्य है कि प्रत्येक नई कंपनी वेदांता जितनी बड़ी बने। इससे शेयरधारकों को लाभ होगा।"

## एनएमडीसी ने पीआरएसआई राष्ट्रीय सम्मेलन में 7 प्रतिष्ठित पुरस्कार जीते



**हैदराबाद।** भारत की सबसे बड़ी लौह अयस्क उत्पादक और खनन कंपनी, एनएमडीसी ने पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई) द्वारा आयोजित 47वें अखिल भारतीय जनसंपर्क सम्मेलन 2025 में सात प्रतिष्ठित पुरस्कार अपने नाम किए।

तीन दिनों तक चले इस सम्मेलन का विषय "सशक्त विकास, जड़ों का संरक्षण" रहा, जिसमें जनसंपर्क और रणनीतिक संचार में उत्कृष्टता का उत्सव मनाया गया। कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण पहल, कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर), अनुसंधान एवं विकास, स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच तथा कॉर्पोरेट संचार जैसे विविध क्षेत्रों में प्रभावशाली योगदान के लिए एनएमडीसी की उपलब्धियों को सम्मानित किया गया, जो सतत विकास और राष्ट्र-निर्माण के प्रति संगठन के एकीकृत दृष्टिकोण को दर्शाता है। इस कार्यक्रम में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, उत्तराखंड के वन मंत्री सुबोध उनियाल, उत्तराखंड के जैव प्रौद्योगिकी मंत्री गणेश जोशी, सांसद नरेश बंसल तथा स्वामी चिदानंद जी सरस्वती महाराज सहित अनेक विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। पुरस्कार मुख्य अतिथि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा, उत्तराखंड के वन मंत्री श्री सुबोध उनियाल की उपस्थिति में प्रदान किए गए। कार्यक्रम में डॉ. प्रसाद गौरीनेनी सहित उद्योग जगत की अन्य विशिष्ट हस्तियों को भी सम्मानित किया गया। एनएमडीसी की ओर से च. श्रीनिवास राव, उप महाप्रबंधक (कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस) ने संगठन की ओर से सम्मान ग्रहण किया।

## कोर्ट का फैसला पलटते ही मस्क ने रचा इतिहास, नेटवर्थ 700 बिलियन डॉलर पार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क साल 2021 से दुनिया के सबसे दौलतमंद आदमी बने हुए हैं। वह इतिहास में पहले ऐसे व्यक्ति हैं,जिनका नेटवर्थ अब 700 बिलियन डॉलर के आंकड़े को भी पार कर चुका है।

कोर्ट के एक फैसले के बाद एलन मस्क ने यह बड़ी जीत हासिल की। डेलावेयर सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल रद्द किए गए 139 बिलियन डॉलर के टेस्ला स्टॉक ऑप्शन को बहाल कर दिया। इस फैसले के बाद मस्क की नेटवर्थ बढ़कर लगभग 749 बिलियन डॉलर हो गई। मस्क के स्टॉक इस वृद्धि ने उन्हें शीर्ष पर पहुंचा दिया।



#### क्या था मामला?

साल 2018 में कंपनी को नए मुकाम पर ले जाने के लिए उन्हें टेस्ला ने 55 अरब डॉलर की सैलरी पैकेज दी थी। ये पैसे उन्हें तभी मिलने थे, लेकिन नहीं मिले। उस वक्त टेस्ला की हालत अभी जैसी नहीं थी, उसका मार्केट वैल्यूएशन 50 से 75 अरब डॉलर के करीब था। ऊपर से कंपनी को इलेक्ट्रिक व्हीकल्स के प्रोडक्शन में लगातार पैसे खर्च करने पड़ रहे थे। तब कंपनी के बोर्ड ने कई और बड़े लक्ष्य तय किए और इनके पूरे हो जाने के बाद ही मस्क को पैकेज के तहत पैसा मिलने की बात कही।

## व्यापक आंकड़े इस सप्ताह तय करेंगे शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियां, डॉलर की चाल और वैश्विक व्यापक आर्थिक आंकड़ों से इस सप्ताह शेयर बाजार की दिशा तय होगी। विश्लेषकों ने यह अनुमान जताते हुए कहा कि छुट्टियों के कारण छोटे सप्ताह में शेयर बाजार सीमित दायरे में कारोबार कर सकते हैं। एक विशेषज्ञ ने कहा कि क्रिसमस और नए साल की छुट्टियों के कारण कई वैश्विक बाजारों में सुस्त गतिविधि देखने को मिल सकती है। घरेलू शेयर बाजार बृहस्पतिवार को क्रिसमस के अवसर पर बंद रहेंगे। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, ''इस सप्ताह साल के अंत के त्योहारी दौर से कारोबार सीमित रह सकता है। घरेलू स्तर पर बाजार अवसंरचना क्षेत्र के आंकड़ों के साथ ही बैंक ऋण वृद्धि, जमा वृद्धि और विदेशी मुद्रा भंडार से जुड़े आंकड़ों पर नजर रखेंगे। मुद्रा की चाल और कच्चे तेल की कीमतें भी अहम कारक बनी रहेंगी। वैश्विक स्तर पर प्रमुख बाजारों, विशेषकर अमेरिका के प्रदर्शन पर नजर रहेगी। ऑनलाइन शेयर कारोबार मंच एनरिच मनी के सीईओ पोनमुदी आर ने कहा कि मजबूत घरेलू नकदी गहरे नकारात्मक जोखिमों से बचाव का काम कर रही है, वहीं अगर विदेशी निवेशकों की वापसी होती है तो बाजार में तेजी का अगला दौर देखा जा सकता है।




## आवास ऋण 10 लाख करोड़ से अधिक होने की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- एसबीआई ने कहा, मजबूत मांग व कम ब्याज दर से बढ़ी उम्मीद

देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का आवास ऋण पोर्टफोलियो मजबूत मांग और कम ब्याज दर व्यवस्था के कारण अगले वित्त वर्ष में 10 लाख करोड़ रुपये के स्तर को पार कर सकता है।

एसबीआई के चेयरमैन सी एस सेट्टी ने कहा कि इस वक्त बैंक की आवास ऋण बही नौ लाख करोड़ रुपये से अधिक है। यह बैंक की सबसे बड़ी एकल व्यावसायिक इकाई है और कुल परिसंपत्तियों का 20 प्रतिशत से अधिक हिस्सा है। उन्होंने कहा कि 14 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ एसबीआई अगले वित्त वर्ष 2026-27 में 10 लाख करोड़ रुपये के आवास ऋण पोर्टफोलियो के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में बढ़ रहा है। एसबीआई का आवास ऋण पोर्टफोलियो पिछले महीने नौ लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया। वित्त वर्ष 2024-25 के अंत में बैंक की आवास ऋण बही 8.31 लाख करोड़ रुपये की थी। इस दौरान सालाना आधार पर 14.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। एसबीआई ने पिछले कई वर्षों के दौरान स्थिर तरीके से अपना आवास ऋण पोर्टफोलियो तैयार किया है।

#### एनपीए एक प्रतिशत से कम रखने में सफल

यह आंकड़ा मार्च 2011 में एक लाख करोड़ रुपये से बढ़कर नवंबर 2025 में नौ लाख करोड़ रुपये तक पहुंचा। इसके अलावा बैंक लगातार सक्रिय निगरानी के कारण इस खंड में गैर निष्पादित परिसंपत्तियों (एनपीए) को एक प्रतिशत से कम रखने में सफल रहा है।

## बिजनेस साइट

### मप्र की पहली इलेक्ट्रो होम्योपैथी प्रयोगशाला का भव्य शुभारंभ

**इंदौर।** देवी अहिल्या अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र, इंदौर परिसर में रविवार को मध्य प्रदेश की प्रथम इलेक्ट्रो होम्योपैथी उच्च स्तरीय अनुसंधान एवं औषधि निर्माण प्रयोगशाला 'देवी अहिल्या हर्बल स्पैजरिक इंडिया' का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर इलेक्ट्रो होम्योपैथी कौंसिल ऑफ मध्य प्रदेश के अध्यक्ष ओम जैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके करकमलों द्वारा देवी अहिल्या हर्बल स्पैजरिक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का शुभारंभ संपन्न हुआ। यह अत्याधुनिक प्रयोगशाला इलेक्ट्रो होम्योपैथी के प्रवर्तक डॉ. काउंट सीज़र मैटी द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों तथा स्पैजिरिक कोहोबेशन पद्धति पर आधारित है। यहाँ इलेक्ट्रो होम्योपैथी की औषधियाँ पूर्णतः हर्बल औषधीय पौधों से निर्मित की जाएँगी। प्रयोगशाला में भारत में उपलब्ध औषधीय पौधों का उपयोग किया जाएगा। इन पौधों से सार तत्व निकालकर किण्वन, आसवन, भस्मीकरण एवं सहक्रियात्मक मिश्रण जैसी वैज्ञानिक प्रक्रियाओं के माध्यम से औषधियाँ तैयार की जाएँगी। इस प्रक्रिया का उद्देश्य पौधों में निहित वानस्पतिक



ऊर्जा को औषधि में स्थिर करना है, जिससे मानव शरीर की रक्त एवं लसीका प्रणाली को संतुलित करने में सहायता मिलती है। यह प्रयोगशाला न केवल उच्च गुणवत्ता की इलेक्ट्रो होम्योपैथिक औषधियों के निर्माण को सुनिश्चित करेगी, बल्कि चिकित्सकों को नए अनुसंधान के अवसर, विद्यार्थियों को अध्ययन एवं प्रशिक्षण, तथा राष्ट्र में इलेक्ट्रो होम्योपैथी के प्रति विश्वास और स्वीकार्यता बढ़ाने का कार्य भी करेगी। उल्लेखनीय है कि 19 दिसंबर 2019 को देवी अहिल्या कैंसर अस्पताल का शुभारंभ हुआ था। ठीक छह वर्ष बाद इसी ऐतिहासिक क्रम में इलेक्ट्रो होम्योपैथी की उच्च स्तरीय अनुसंधान प्रयोगशाला का शुभारंभ किया गया, जो देवी अहिल्या अस्पताल के लिए एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।





# 27वें जन्मदिन पर एमबाप्पे ने की रोनाल्डो की बराबरी

एजेंसी ▸▸ बार्सिलोना


स्टार स्ट्राइकर काइलियन एमबाप्पे ने अपने 27वें जन्मदिन पर साल 2025 में रियाल मैड्रिड के लिए अपना 59वां गोल करके एक साल में सबसे अधिक गोल करने के क्लब रिकॉर्ड की बराबरी की, जो कि अब तक क्रिस्टियानो रोनाल्डो के नाम पर दर्ज था। फ्रांस के स्ट्राइकर एमबाप्पे के लिए यह उपलब्धि हासिल करना लगभग असंभव रहा था, क्योंकि रियाल मैड्रिड का यह इस साल का आखिरी मैच था। एमबाप्पे ने हालांकि मैच खत्म होने से चार मिनट पहले पेनल्टी किक को गोल में बदलकर रोनाल्डो की बराबरी की, जिससे रियाल मैड्रिड ने सेविला पर 2-0 से जीत दर्ज की। रोनाल्डो ने 2013 में यह रिकॉर्ड बनाया था।

**एमबाप्पे ने रियाल मैड्रिड के लिए दागा 59वां गोल**

एमबाप्पे ने रिकॉर्ड गोल करने के बाद रोनाल्डो के अंदाज में ही जश्न मनाया। एमबाप्पे ने कहा, ' क्रिस्टियानो ने जो किया, वह अविश्वसनीय है। वह मेरे आदर्श हैं। वह रियाल मैड्रिड के इतिहास के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे हैं। मेरा यह जश्न उनको समर्पित है। मेरा उनसे बहुत अच्छा रिश्ता है। वह मेरे दोस्त हैं। मैं उन्हें और रियाल मैड्रिड के सभी प्रशंसकों को क्रिसमस और नए साल की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।'

# प्रीमियर लीग का नया गोल किंग हॉलैंड, रोनाल्डो को पछाड़ा

एजेंसी ▸▸ लंदन



एर्लिंग हॉलैंड ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दो गोल करके इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में क्रिस्टियानो रोनाल्डो को पीछे छोड़ दिया, जिससे मैनचेस्टर सिटी ने आसान जीत दर्ज करके अपनी जीत का सिलसिला पांच मैच तक पहुंचा दिया। मैनचेस्टर सिटी को इस जीत तीन अंक मिले, लेकिन यह आर्सेनल को क्रिसमस के दिन प्रीमियर लीग में शीर्ष पर रहने से रोकने के लिए पर्याप्त नहीं था। आर्सेनल ने विक्टर ग्योकेरेस के पहले हाफ में पेनल्टी पर किए गोल की बदौलत एवर्टन पर 1-0 की जीत हासिल की, जिससे यह सुनिश्चित हो गया कि आर्सेनल 25 दिसंबर को प्रीमियर लीग में पांचवीं बार पहले स्थान पर रहेगा। इससे पहले जब चार अवसरों पर आर्सेनल क्रिसमस तक शीर्ष पर रहा था तब वह खिताब नहीं जीत पाया था। आर्सेनल के बाद मैनचेस्टर सिटी दूसरे स्थान पर है। वह आर्सेनल से केवल दो अंक पीछे है। उसने वेस्ट हैम को 3-0 से हराया। हॉलैंड ने दोनों हाफ में एक-एक गोल करके इस सत्र में 17 मैचों में 19 गोल कर लिए हैं। इस तरह से उन्होंने प्रीमियर लीग में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में रोनाल्डो को पीछे छोड़ दिया।

## खबर संक्षेप



### केओए ने किया आयुष प्रज्वल को सम्मानित

**बेंगलुरु।** कर्नाटक ओलंपिक संघ (केओए) ने उभरते हुए शटलर आयुष शेट्टी, अनुभवी टेनिस खिलाड़ी एसडी प्रज्वल देव सहित इस साल उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले राज्य के खिलाड़ियों को वार्षिक पुरस्कार समारोह में सम्मानित किया। बीस साल के शेट्टी ने जून में यूएस ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट जीतकर बीडब्ल्यूएफ (विश्व बैडमिंटन महासंघ) विश्व टूर में इस साल भारत के खिताब के सूखे को समाप्त किया था। उन्होंने पुरुष एकल फाइनल में कनाडा के ब्रायन यांग को 21-18, 21-13 से हराया था। प्रज्वल 2024 में भारत की डेविस कप टीम के सदस्य थे। प्रज्वल ने पुरस्कार लेने के बाद कहा, 'अब मेरी नजर बेंगलुरु ओपन, बैंकॉक चैलेंजर और वियतनाम में होने वाले दो टूर्नामेंटों पर है। इस पुरस्कार को पाकर मुझे बहुत गर्व हो रहा है।'

### एशियाई फुटबॉल परिसंघ शुरू करेगा नेशंस लीग

**कुआलालंपुर।** एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने अपने सदस्य देशों के बीच प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए एएफसी नेशंस लीग शुरू करने की घोषणा की। यह कदम यूईएफए द्वारा 2018 में नेशंस लीग से प्रभावित होकर उठाया गया है, जिसमें यूरोप की राष्ट्रीय टीमों को विभिन्न स्तरों में विभाजित किया जाता है और वे फीफा की निर्धारित विंडो में अंतरराष्ट्रीय मैच खेलते हैं। यह घोषणा अफ्रीकी फुटबॉल परिसंघ द्वारा 2029 में इसी तरह का टूर्नामेंट शुरू करने की घोषणा के एक दिन बाद आई है। एएफसी से जारी बयान के मुताबिक, 'राष्ट्रीय टीमों की सीमित उपलब्धता, बढ़ती परिचालन लागत और लॉजिस्टिक संबंधी जटिलताओं के कारण फीफा अंतरराष्ट्रीय मैच विंडो का प्रभावी उपयोग करना लगातार चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है।




### विश्व 25 कोलकाता दौड़ः गुलवीर और सीमा ने बनाया कोर्स रिकॉर्ड




**कोलकाता।** युगांडा के जोशुआ चेप्टेगेई ने 10वीं टाटा स्टील विश्व 25के (25 किलोमीटर) कोलकाता पुरुष दौड़ में जीत हासिल की, जबकि गुलवीर सिंह और सीमा ने नया भारतीय कोर्स रिकॉर्ड बनाया। इथियोपिया की डेगिटु अजीमेरा ने मौजूदा चैंपियन सुतुमे असेफा केबेडे को हराकर अंतरराष्ट्रीय एलीट महिला वर्ग की दौड़ जीती। दो बार के ओलंपिक चैंपियन चेप्टेगेई ने शुरुआत में ही दबदबा बना दिया था। उन्होंने 1:11:49 (एक घंटा, 11 मिनट और 49 सेकेंड) का समय लेकर पहली बार यह प्रतियोगिता जीती। तंजानिया के अल्फोंस फेलिक्स सियुम्बु (1:11:56) दूसरे और लेसोथो के टेबेलो रामाकोंगोआना (1:11:59) तीसरे स्थान पर रहे। महिलाओं के वर्ग में अज़ीमेरा शुरू से अंत तक आगे रहीं। उन्होंने 1:19:36 का समय लेकर पहला स्थान हासिल किया।

## जेमिमा ने खेली 69 रन की नाबाद पारी, जड़े 10 चौके

# जेमिमा का धमाकेदार अर्धशतक, भारत ने पहले टी20 में श्रीलंका को 8 विकेट से हराया

एजेंसी ▸▸ विशाखापत्तनम

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने जेमिमा रोड्रिग्स (नाबाद 69 रन) की आकर्षक अर्धशतकीय पारी से पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में श्रीलंका को 32 गेंद रहते आठ विकेट से हराकर पांच मैच की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली। भारतीय गेंदबाजों ने ओस के बावजूद श्रीलंका को छह विकेट पर 121 रन का स्कोर ही बनाने दिया। ओस के उम्मीद से पहले असर दिखाने के बावजूद मेहमान टीम की बल्लेबाज ढीली गेंदों का पूरा फायदा नहीं उठा सकीं। फिर भारतीय टीम ने यह लक्ष्य 14.4 ओवर में दो विकेट पर 122 रन बनाकर हासिल कर लिया, जिसमें जेमिमा ने 44 गेंद की नाबाद पारी में 10 चौके लगाए। उनके अलावा सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने 25 रन का योगदान दिया।




### स्मृति ने टी20 में पूरे किए 4 हजार रन

स्मृति ने श्रीलंका के खिलाफ 25 गेंदों पर 4 चौकों की मदद से 25 रन की पारी खेली और टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में 4 हजार रन भी उन्होंने पूरे कर लिए। स्मृति भारत की तरफ से टी20आई में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बैटर हैं और रन के इस आंकड़े को छूने वाली वो पहली महिला क्रिकेट भी बनीं। स्मृति ने अब तक टी20आई में 154 मैचों में 4006 रन बनाए हैं। वो सूजी बेट्स के बाद इस प्रारुप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली महिला बल्लेबाज भी हैं।

### स्कोर बोर्ड

| श्रीलंका | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| विष्मी गुणरत्ने रन आउट | 39 | 43 | 1 | 1 |
| चामरी अटापट्टू बो गौड़ | 15 | 12 | 3 | 0 |
| हसिनी परेरा का गौड़ बो दीप्ति | 20 | 23 | 2 | 0 |
| हर्षिता समरविक्रमा बो श्री चरणी | 21 | 23 | 2 | 0 |
| निकाक्षिका सिल्वा रन आउट | 08 | 8 | 0 | 0 |
| कविशा दिलहारी रन आउट | 06 | 5 | 0 | 0 |
| कौशिनी नुथ्यांगना नाबाद | 09 | 6 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 03 कुल : 20 ओवर में छह विकेट पर 121 रन

गेंदबाजी : क्रांति गौड़ 3-0-23-1, अरुंधति रेड्डी 4-0-23-0, दीप्ति शर्मा 4-1-20-1, वैष्णवी शर्मा 4-0-16-0, श्री चरणी 4-0-30-1, अमनजोत कौर 1-0-8-0

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| स्मृति मंधाना का सिल्वा बो रणवीरा | 25 | 25 | 4 | 0 |
| शेफाली वर्मा का गिम्हानी बो काविंदी | 09 | 5 | 2 | 0 |
| जेमिमा रोड्रिग्स नाबाद | 69 | 44 | 10 | 0 |
| हरमनप्रीत कौर नाबाद | 15 | 16 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 04 कुल : 14.4 ओवर में दो विकेट पर 122 रन

गेंदबाजी : माल्की मदारा 2-0-19-0, काव्या काविंदी 3-0-20-1, चामरी अटापट्टू 2-0-16-0, शशिनी गिम्हानी, 2-0-32-0, इनोका रणवीरा 3.4-0-17-1, काविशा दिलहारी 2-0-18-0

### जेमि ने 34 गेंद में पूरा किया पचासा

जेमिमा ने मंधाना के साथ दूसरे विकेट के लिए 54 रन और कप्तान हरमनप्रीत कौर (16 गेंद में नाबाद 15 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 55 रन की साझेदारी निभाई। जेमिमा ने अपनी पारी के दौरान कई दर्शनीय शॉट खेले लेकिन उनकी पारी का आकर्षण 12वें ओवर में बाएं हाथ की कलाई की स्पिनर शशिनी जिम्हानी पर जड़े चार चौके रहे और इसी दौरान उन्होंने 34 गेंद में अपना पचासा भी पूरा किया। शेफाली वर्मा (09 रन, दो चौके) ने भारतीय पारी की शुरुआत पहले ओवर में दो चौकों के साथ आक्रामक अंदाज में की। लेकिन वह इसे ज्यादा देर तक जारी नहीं रख सकीं।

### फ्लॉप रही श्रीलंकाई बल्लेबाजी

श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 121 रन बनाए। उनकी शुरुआत अच्छी नहीं रही। कप्तान चमारी अथापथ्थु सिर्फ 15 रन बनाकर क्रांति गौड़ की गेंद पर बोल्ड हो गईं। इसके बाद विश्मी गुणरत्ने ने सबसे ज्यादा 39 रन बनाए। उन्होंने 43 गेंदों का सामना किया और एक चौका व एक छक्का लगाया। हर्षिता समरविक्रमा ने 21 रन और हसिनी परेरा ने 20 रन का योगदान दिया। आखिर में कई रनआउट हुए, जिसमें विश्मी, निलक्षिका सिल्वा और कविशा दिलहारी रनआउट का शिकार बनीं।

# रिकॉर्ड : कॉनवे-लाथम ने दोनों पारियों में ठोका शतक



एजेंसी ▸▸ माउंट माउंगानुई

कप्तान टॉम लैथम और डेवोन कॉनवे ने लगातार दूसरी पारी में शतक जड़कर टेस्ट इतिहास में अपना नाम विशिष्ट सूची में शामिल किया, जिससे न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज के सामने तीसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच में जीत के लिए 462 रन का मुश्किल लक्ष्य रखा। लैथम ने 101 रन बनाए जबकि कॉनवे ने 100 रन की पारी खेली। इन दोनों ने पहले विकेट के लिए 192 रन की साझेदारी की थी, जिससे न्यूजीलैंड ने अपनी दूसरी पारी दो विकेट पर 306 रन पर समाप्त घोषित की। न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी आठ विकेट पर 575 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी, जिसके जवाब में वेस्टइंडीज ने 420 रन बनाए थे। उसने चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 43 रन बनाए हैं और इस तरह से वह अभी लक्ष्य से 419 रन पीछे है। स्टंप उखड़ने के समय ब्रैंडन किंग 37 और जॉन कैंपबेल दो रन पर खेल रहे थे। इससे पहले वेस्टइंडीज ने सुबह अपनी पहली पारी छह विकेट पर 381 रन से आगे बढ़ाई लेकिन वह चौथे दिन अपने स्कोर में 39 रन ही जोड़ पाया और इस बीच उसने चार विकेट गंवाए।

■ न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज के सामने 462 रन का रखा लक्ष्य

### लैथम ने की पिता रॉड की बराबरी

कॉनवे ने पहली पारी में 227 रन बनाए थे और इस तरह से वह एक टेस्ट मैच में दोहरा शतक और शतक बनाने वाले दुनिया के केवल 10वें और न्यूजीलैंड के पहले बल्लेबाज बन गए हैं। लैथम ने पहली पारी में 137 रन बनाए थे। उन्होंने एक टेस्ट मैच की दोनों पारियों में शतकीय साझेदारी करके अपने पिता रॉड की बराबरी की, जिन्होंने 1992 में जिम्बाब्वे के खिलाफ एक टेस्ट मैच की दोनों पारियों में मार्क ग्रेटबैच के साथ शतकीय साझेदारी की थी। इन दोनों सलामी बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन से केन विलियमसन को पहली पारी में 86 ओवर से अधिक और दूसरी पारी में लगभग 40 ओवर तक अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। विलियमसन 40 रन बनाकर नाबाद रहे। रचिन रविंद्र ने 23 गेंदों में नाबाद 46 रन बनाए।

# भारतीय बल्लेबाजों का फ्लाप शो पाक ने जीता अंडर-19 एशिया कप

एजेंसी ▸▸ दुबई

अंडर-19 एशिया कप के फाइनल में भारतीय टीम को पाकिस्तान हारा दिया। पाकिस्तान की टीम ने भारत को 26.2 ओवरों में 156 रन पर ढेर कर 191 रन से फाइनल जीत लिया। भारतीय टीम के सामने 348 रन का लक्ष्य बड़ा साबित हुआ और बैटर्स के फ्लॉप प्रदर्शन के चलते अंत में टीम को हार मिली। भारत की ओर से कोई भी बैटर 26 रन से ज्यादा नहीं बना पाया। वैभव सूर्यवंशी, आयुष म्हात्रे, एरोन जॉर्ज जैसे बड़े नाम फ्लॉप रहे।




### वैभव ने बनाए मात्र 26 रन

भारत की शुरुआत जोरदार रही. ओपनर वैभव सूर्यवंशी ने पहले ओवर में ही अली रजा पर तीन छक्के और एक चौका लगाकर 26 रन ठोक दिए। लेकिन इसके बाद विकेटों की झड़ी लग गई। कप्तान आयुष म्हात्रे सिर्फ 2 रन बनाकर आउट हो गए. एरॉन जॉर्ज ने 16 रन बनाए, लेकिन वो भी जल्दी लौट गए। वैभव भी 10 गेंदों पर 26 रन बनाकर पवेलियन चले गए।

### खिलाड़ियों ने नकवी को किया अनदेखा, नहीं ली रनर-अप ट्रॉफी

फाइनल मैच खत्म होने के बाद एशियन क्रिकेट काउंसिल के अध्यक्ष मोहसिन नकवी विजेता टीम को ट्रॉफी देने के लिए मैदान पर आए और पाकिस्तान के खिलाड़ियों को अपने हाथों से मेडल पहनाया और ट्रॉफी प्रदान की, लेकिन भारतीय अंडर-19 टीम ने नकवी के हाथों रनर-अप ट्रॉफी और मेडल लेने से इनकार कर दिया। आमतौर पर फाइनल में हारने वाली टीम को रनर-अप ट्रॉफी के साथ खिलाड़ियों को मेडल भी दिया जाता है। फाइनल मैच के खत्म होने के बाद टीम इंडिया के खिलाड़ियों ने अपने मेडल आईसीसी एसोसिएट सदस्यों के चेयरमैन मुबस्सिर उस्मानी से लिया।

# ऑस्ट्रेलिया के पास रहेगी एशेज की ट्रॉफी, इंग्लैंड को हराया

एजेंसी ▸▸ एडिलेड

तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के पांचवें और अंतिम दिन रविवार को आखिरी चार विकेटों में से तीन विकेट लेकर इंग्लैंड की वापसी की उम्मीदों पर पानी फेर दिया और इस तरह से ऑस्ट्रेलिया ने 82 रन से जीत दर्ज करके दो टेस्ट शेष रहते हुए एशेज बरकरार रखने में कामयाबी हासिल की। इंग्लैंड ने 435 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पांचवें दिन सुबह अपनी दूसरी पारी छह विकेट पर 207 रन से आगे बढ़ाई। उसे तब जीत के लिए 228 रन चाहिए थे, जबकि आस्ट्रेलिया को एशेज को बरकरार रखने के लिए चार विकेट की जरूरत थी। इंग्लैंड की टीम हालांकि लंच के बाद 352 रन पर आउट हो गई और इस तरह से उसकी अप्रत्याशित जीत दर्ज करके विश्व रिकार्ड बनाने और एशेज में बने रहने की उम्मीदों पर तुषारापात हो गया।



### स्टार्क ने की शानदार गेंदबाजी

*इन दोनों मैच में स्टार्क ने शानदार गेंदबाजी की थी और उन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। उन्होंने तीसरे टेस्ट मैच में फिर से ऑस्ट्रेलिया की जीत में अहम भूमिका निभाई। स्टार्क ने सुबह के सत्र में एकमात्र विकेट लिया। उन्होंने जेमी स्मिथ को 60 रन पर आउट किया। इंग्लैंड ने पहले सत्र में 102 रन जोड़कर अपनी उम्मीदों को बरकरार रखा। इंग्लैंड की शानदार वापसी ने आखिरी दिन दोपहर के भोजन तक एशेज का रोमांच बनाए रखा। इंग्लैंड ने लंच तक सात विकेट पर 309 रन बनाए थे। तब ऑस्ट्रेलिया को एडिलेड में ही ट्रॉफी जीतने के लिए तीन विकेट और इंग्लैंड को पांच मैचों की श्रृंखला में बने रहने के लिए 126 रन की जरूरत थी।*

### यह हार काफी निराशाजनक : स्टोक्स

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने बाद में कहा कि उन्हें सुबह के सत्र में ऐसा लग रहा था कि उनकी टीम एक और बड़ी जीत हासिल करने के लिए तैयार है और उन्हें रिकॉर्ड स्कोर बनाने का पूरा भरोसा था। स्टोक्स ने कहा, 'यह हार काफी निराशाजनक है। हम जिस लक्ष्य को लेकर यहां आए थे उसे हासिल नहीं कर पाए। हम अपना सपना पूरा नहीं कर पाए, जो निश्चित रूप से काफी निराशाजनक है।' इंग्लैंड के निचले क्रम के बल्लेबाजों ने लगातार दबाव बनाए रखा। ऑस्ट्रेलिया को अनुभवी स्पिनर नाथन लियोन की कमी खली जो हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण मैदान से बाहर चले गए थे। ऐसे में श्रृंखला में सर्वाधिक विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज स्टार्क ने शानदार प्रदर्शन किया। चौथा टेस्ट मैच बॉक्सिंग डे (26 दिसंबर) पर मेलबर्न में शुरू होगा।

## यादें 2025: अदालती सुनवाई, वित्तीय समस्याओं से जूझना पड़ा

# इस साल उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा भारतीय फुटबॉल

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय फुटबॉल के लिए वर्ष 2025 निराशा से भरा रहा, जिसमें उसे गंभीर प्रशासनिक संकट, अदालती सुनवाई, वित्तीय समस्याओं, घरेलू लीग के अभाव और सीनियर पुरुष टीम के खराब प्रदर्शन से जूझना पड़ा। जैसे-जैसे साल खत्म होने लगा लियोनेल मेस्सी के बहुचर्चित 'जीओएटी इंडिया टूर' ने कुछ दिलचस्पी पैदा की और इस खेल को लेकर कुछ चर्चा शुरू करने पर मजबूर किया। लेकिन इससे भारतीय फुटबॉल को कुछ फायदा हुआ होगा ऐसा नहीं लगता है। भारतीय फुटबॉल की अपनी समस्याएं ही कम नहीं थी और ऐसे में मेस्सी के दौरे के पहले दिन साल्ट लेक स्टेडियम में फैली अराजकता और अव्यवस्था ने शर्मिंदगी को और बढ़ा दिया। भारतीय फुटबॉल के गढ़ कहे जाने वाले कोलकाता में कानून-व्यवस्था का बिगड़ना भले ही अच्छी खबर न हो, लेकिन हैदराबाद, मुंबई और दिल्ली में मेस्सी के कार्यक्रम अच्छी तरह से आयोजित किए गए।



### पुरुष टीम का प्रदर्शन रहा बेहद निराशाजनक

इस साल भारत की सीनियर पुरुष टीम का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा। उसे ढाका में नवंबर में खेले गए 2027 एएफसी एशियाई कप क्वालीफाइंग मैच में बांग्लादेश से हार का सामना करना पड़ा। यह बांग्लादेश के खिलाफ पिछले 22 वर्षों में उसकी पहली पराजय थी। भारतीय टीम वर्ष 2024 में अंतरराष्ट्रीय मैचों में एक भी जीत हासिल नहीं कर पाई थी, लेकिन इस साल वह कुछ जीत हासिल करने में कामयाब रही, जिसमें सितंबर में मध्य एशियाई देशों ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान में आयोजित सीएएफए नेशंस कप में कांस्य पदक जीतना भी शामिल है।

### कम रैंकिंग वाली टीमों से हारा भारत

बांग्लादेश के अलावा भारतीय पुरुष टीम को हांगकांग और सिंगापुर जैसी कम रैंकिंग वाली टीमों से भी हार का सामना करना पड़ा। सिंगापुर से 1-2 से मिली हार ने एशियाई कप में प्रवेश करने की उसकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। जहां एक ओर पुरुष टीम मैदान पर संघर्ष कर रही थी वहीं दूसरी ओर प्रशासक मैदान के बाहर की समस्याओं से जूझ रहे थे। अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) का रिलायंस के स्वामित्व वाली फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड (एफएसडीएल) के साथ पिछला अनुबंध आठ दिसंबर को समाप्त हो गया। इसके बाद वह इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के लिए एक नया वाणिज्यिक भागीदार नहीं जुटा पाया, जिससे इस खेल पर संकट पैदा हो गया। यही वजह है कि देश की सर्वोच्च फुटबॉल लीग आईएसएल अभी तक शुरू नहीं हो पाई।

# डेजर्ट वाइपर्स का शानदार प्रदर्शन शारजाह वॉरियर्ज को 4 विकेट से हराया

एजेंसी ▸▸ दुबई

डेजर्ट वाइपर्स ने आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में शारजाह वॉरियर्ज पर चार विकेट से जीत हासिल करके अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर अपनी दावेदारी को और मजबूत किया। वाइपर्स ने आठ मैचों में 14 अंकों के साथ शीर्ष दो में अपनी जगह पक्की कर ली है। वॉरियर्ज की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 17.5 ओवर में 90 रन पर आउट हो गई। उसके केवल दो बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंचे, जिनमें टॉम एबेल ने सर्वाधिक नाबाद 35 रन बनाए। वाइपर्स की तरफ से डेविड पायने ने 14 रन देकर तीन विकेट लिए। वाइपर्स ने 13.5 ओवर में छह विकेट पर 91 रन बनाए और इस तरह से 37 गेंदें शेष रहते हुए आसान जीत हासिल की। उसकी तरफ से सैम कुरेन की 31 गेंदों में 37 रन की पारी खेली, जिसमें पांच चौके शामिल हैं।






## अटलांटिक महासागर में दिखा 8,800 किमी लम्बा शैवाल

**वॉशिंगटन।** अटलांटिक महासागर में फैली हुई शैवाल, जिसे समुद्री घास भी कहते हैं, की एक बहुत बड़ी पट्टी का आकार तेजी से बड़ा हो रहा है। यह पट्टी अब 8,800 किलोमीटर से भी ज्यादा यानी अमेरिका महाद्वीप की चौड़ाई से दोगुनी तक फैल चुकी है। वैज्ञानिकों ने अभी-अभी इस बढ़ती हुई पट्टी के पीछे की वजह का एक चौंकाने वाला नया हिस्सा खोजा है। अटलांटिक महासागर में समुद्री शैवाल, जो देखने में किसी भूरे अजगर जैसी लगती है, का एक बहुत बड़ा तैरता हुआ कालीन फैल गया है।

# सिर कट गया, फिर भी 18 महीने जिंदा रहा ये मुर्गा

**न्यूयार्क।** क्या कोई जीव बिना सिर के जिंदा रह सकता है? सुनने में यह मजाक या 'चमत्कार' लगता है, लेकिन आज से कई सालों पहले अमेरिका में ऐसा सच में हुआ था। कोलोराडो के एक फार्म में एक मुर्गा 18 महीने तक बिना सिर के जिंदा रहा और दुनिया को हैरान कर गया। इस मुर्गे का नाम था माइक द हेडलेस चिकन। यह घटना 18 सितंबर 1945 की है। अमेरिका के कोलोराडो राज्य में लॉयड ओल्सन नाम का एक किसान अपने फार्म में मुर्गों को काट रहा था। उसी दिन घर में नॉनवेज पार्टी थी। जब लॉयड ने एक मुर्गे का सिर काटा, तो वह मरा नहीं। सिर कटने के बावजूद वह इधर-उधर चलने लगा।



### बिना मुंह खाना कैसे खाता था माइक?

माइक को जिंदा रखने के लिए लॉयड ओल्सन ने उसकी खास देखभाल की। वह सिरिंज की मदद से माइक की ग्रासनली में दूध, पानी और मक्के का तरल भोजन डालता था। साथ ही, सांस की नली में जमा म्यूकस को भी सिरिंज से साफ किया जाता था। इसी देखभाल की वजह से माइक 18 महीने यानी करीब डेढ़ साल तक जिंदा रहा।

### अमेरिका का चमत्कारी मुर्गा

माइक की कहानी अखबारों में छपने लगी। लोग दूर-दूर से उसे देखने आने लगे। एक साइडशो प्रमोटर होप वेड माइक को टूर पर ले गया। माइक अमेरिका के कई शहरों में दिखाया गया और ओल्सन परिवार ने इससे अच्छी कमाई भी की। माइक को नाम मिला 'बिना सिर वाला मुर्गा माइक'। वह अपने दौर का सबसे अजीब, लेकिन चर्चित जीव बन गया।

### क्या सच में था यह चमत्कार?

शुरुआत में गांव वालों और आसपास के लोगों ने इसे कुदरत का 'चमत्कार' माना, लेकिन बाद में वैज्ञानिकों ने इस घटना को गहराई से समझा। विशेषज्ञों के मुताबिक, मुर्गे का दिमाग आगे नहीं, बल्कि पीछे की ओर होता है। माइक के मामले में कुल्हाड़ी का वार ऐसा पड़ा कि उसका चेहरा, चोंच और आंखें तो कट गईं, लेकिन ब्रेन स्टेम सुरक्षित रहा। यही हिस्सा शरीर के जरूरी काम जैसे सांस लेना, दिल की धड़कन और पाचन को नियंत्रित करता है।

## कालापानी की सजा से क्यों कांपते थे कैदी? आखिर किस जेल में कैदियों को रखा जाता था

**नई दिल्ली।** बीते जमाने में काला पानी की सजा के नाम से ही कैदी कांपने लगते थे। यह एक जेल थी, जिसे सेल्यूलर जेल के नामा से जाना जाता था। वर्तमान समय में भी यह जेल इसी नाम से जानी जाती है। यह जेल अंडमान निकोबार द्वीप की राजधानी पोर्ट ब्लेयर में बनी हुई है। इस जेल को अंग्रेजों ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों को कैद रखने के लिए बनाया गया था। काला पानी का भाव सांस्कृतिक शब्द काल से बना माना जाता है, जिसका अर्थ होता है समय



या मृत्यु। यानी काला पानी शब्द का अर्थ मृत्यु के स्थान से है, जहां से कोई वापस नहीं आता। हालांकि, अंग्रजों ने इसे सेल्यूलर नाम दिया था, जिसके पीछे एक हैरान करने वाली वजह है।

### गहरे समुद्र से घिरी हुई है जेल

सेल्यूलर जेल अंग्रेजों द्वारा भारत के स्वतंत्रता सेनानियों पर किए गए अत्याचारों की मूक गवाह है। इस जेल की नींव 1897 ईस्वी में रखी गई थी और 1906 में यह बनकर तैयार हो गई थी। इस जेल में कुल 698 कोठरियां बनी थीं और प्रत्येक कोठरी 15×8 फीट की थी। इन कोठरियों में तीन मीटर की ऊंचाई पर रोशनदान बनाए गए थे ताकि कोई भी कैदी दूसरे कैदी से बात न कर सके। यह जेल गहरे समुद्र से घिरी हुई है, जिसके चारों ओर कई किलोमीटर तक सिर्फ और सिर्फ समुद्र का पानी ही दिखता है।
















हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com